दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...






● नई दिल्ली। सोमवार 25 नवंबर-2024 ● वर्ष: 9 अंक: 332 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य: ₹3


# संभल में बवाल आगजनी और पथराव के बाद चली गोली, अचानक कैसे जुट गई इतनी भीड़



**बदायूं।** संभल की शाही जामा मस्जिद में रविवार सुबह दूसरी बार सर्वे शुरू होने की खबर के बाद जमकर बवाल हुआ। रूक-रूक कर हुआ पथराव और आगजनी और गोली चलने के दौरान लोगों को छर्रे लगने की बात भी सामने आई है। यहां बताते चले कि रविवार सुबह 7:30 बजे फिर से सर्वे शुरू किया गया कोर्ट के आदेश पर एडवोकेट कमिश्नर सर्वे के लिए पहुंचे थे। डीएम, एसपी सहित भारी पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर तैनात था कि इस दौरान अचानक से बवाल शुरू हो गया।

कमिश्नर मुरादाबाद आंजेनेय सिंह ने मीडिया को बताया कि देखिए टीम सुबह जब सर्वे को आई तो कुछ समय बाद लोग इकट्ठा हुए। पथराव और गोली चली लोगों को छर्रे लगे है यह भी अभी जांच का विषय है। लेकिन इतना समझना चाहिए कि उनके पीछे कुछ लोग हैं जो चाहते हैं कि यहां का माहौल डिस्टर्ब हो। हम यह चाहते हैं कि लोग शांति के साथ अपनी बात अदालत के सामने रखें। अब यह शुरूआती दौर है। अभी जस्ट मामला यह कोर्ट में गया है। कोर्ट ने किसी तरीके का अभी आदेश भी पारित नहीं किया सिर्फ सर्वे के लिए कहा है। सर्वे तो किसी भी जगह का हो सकता है। हम लोग जब किसी भी जमीन का सर्वे करने जाते हैं तो उसे जगह का नक्शा बनता है। अभी तो नक्शा बनने की प्रक्रिया है। फैसला तो कोर्ट को करना है। इसमें जिस चीज को अपना पक्ष रखना है वह कोर्ट में रखें। उन्होंने कहा अभी तक कितने लोग घायल है और कितने लोग अरेस्ट किए गए हैं। अभी क्लियर नहीं है जिन लोगों को हिरासत में लिया गया है उन्हें थाने में बैठाया गया है। अभी केवल स्थिति कंट्रोल में की जा रही है।

# संभल में हुई घटना के बाद वेस्टर्न यूपी में किया गया अलर्ट

## सोशल मीडिया से लेकर मिश्रित आबादी वाले इलाकों पर खुफिया तंत्र की नजर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संभल में स्थिति आउट ऑफ कंट्रोल होने के बाद पूरे पश्चिम उत्तर प्रदेश में विशेष अलर्ट किया गया है। वहीं उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रमुख प्रशांत कुमार ने सभी जिलों के प्रभारियों, कमिश्नर और एडीजी स्तर के अधिकारियों को अपने जनपदों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही पुलिस के अधिकारियों को इंटेलीजेंस इनपुट जुटाने के निर्देश दिए गए हैं। सोशल मीडिया और मिश्रित आबादी वाली इलाकों को लेकर भी पुलिस अधिकारी नजर रखें इसका आदेश जारी हुआ है।

### उपचुनाव के बाद कानून व्यवस्था पर अधिकारियों की नजर

**करंट क्राइम।** शनिवार को उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव की मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए गए हैं, इसलिए उत्तर प्रदेश पर अधिकारियों को कानून व्यवस्था की स्थिति पर सख्ती से नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। संभल में हुई घटना के बाद पूरे

### डीजीपी उत्तर प्रदेश ने पुलिस अधिकारियों को दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

पश्चिमी उत्तर प्रदेश जिसमें गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़ और मुजफ्फरनगर पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। यहां किसी प्रकार का कोई तनाव न होने पाए और मिश्रित आबादी वाले इलाकों पर पुलिस को अधिक सक्रियता रखने का आदेश दिया गया है। वहीं थाना प्रभारी और चौकी प्रभारियों को छोटी सी छोटी सूचना अटेंड करने के साथ ही उसपर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।



### सोशल मीडिया पर भी रखी जा रही है निगरानी

**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया के माध्यम से भी संभल में हुए घटनाक्रम के बाद नजर रखी जा रही है कि कोई इस प्लेटफार्म पर कोई आपत्तिजनक पोस्ट या संवेदनशील सामग्री ना डाल दें। वही विशेष रूप से ऐसे राजनीतिक दलों और खास लोगों के सोशल मीडिया अकाउंट भी अधिकारी जांच रहे हैं कि इसमें किसी प्रकार का आपत्तिजनक कंटेंट तो पोस्ट नहीं किया जा रहा है। बता दें कि गाजियाबाद में संभल की घटना के बाद अधिकारियों को विशेष सतर्कता रखना का भी आदेश दिया गया है। वही लोकल इंटेलीजेंस के अधिकारी भी छोटे से छोटे इनपुट को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

# मतदाताओं ने उम्मीदवारों की उम्मीद पर चलाया इस तरह भी सोटा

## निर्दलीय उम्मीदवारों से ज्यादा वोट ले गया ईवीएम का नोटा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर विधानसभा उपचुनाव में मतदान 35 प्रतिशत को भी पार नहीं कर पाया। पूरे जोर लगाने के बाद भी मतदाता वोट डालने नहीं पहुंचे। यहां राजनीतिक दलों की बात करें तो भाजपा ने जरूर अपने कार्यकर्ता नेटवर्क के साथ मेहनत की थी और उसका पूरा जोर इस बात पर था कि मतदाता के घर तक पहले वोटर पर्ची पहुंचे। फिर उनके कार्यकर्ता पहुंचे और मतदाता जब ईवीएम पहुंचे तो उसका मन भाजपाई हो चुका हो।

चुनावी नतीजा इस बात की तस्दीक भी कर रहा है कि 33 प्रतिशत मतदान के बाद भी भाजपा यहां एक बड़ी जीत हासिल करने में कामयाब रही है। सबसे खास बात ये है कि यहां पूरा विपक्ष मिल कर भी भाजपा उम्मीदवार के बराबर वोट नहीं दे सका है। यहां बसपा की सोशल इंजीनियरिंग फेल हो गई है और बसपा तीसरे स्थान पर रह गई। यहां समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन भी 30 हजार वोट पूरे नहीं ले पाया।

ये तो बात राजनीतिक दलों की है लेकिन यहां मतदाता भी कम नहीं रहे हैं और चुनावी नतीजों का स्कोर कार्ड बता रहा है कि वो निर्दलीयों को लेकर तो बहुत ही हार्ड रहे हैं। स्कोर कार्ड देखें तो निर्दलीयों से ज्यादा वोट ईवीएम का नोटा ले गया है। नोटा यानी नन ऑफ द अबव अर्थात इनमें से कोई नहीं। नोटा को 791 वोट मिले हैं जबकि राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी के उम्मीदवार को मात्र 99 वोट मिले हैं। सम्राट मिहिर भाज समाज पार्टी के उम्मीदवार को 89 वोट मिले हैं। सुभाषवादी भारतीय समाज पार्टी को 131 वोट मिले हैं। राष्ट्रीय बहुजन कांग्रेस पार्टी को 174 वोट मिले हैं। निर्दलीय उम्मीदवारों की बात करें तो यहां मिथुन जायसवाल को 99, रूपेश चन्द्र को 226, विनय कुमार शर्मा को 250 और शमशेर राणा को 251 वोट मिले हैं। इस तरह से नोटा ने कई राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों और कई निर्दलीय उम्मीदवारों को पछाड़ा है।



### सियासी सहयोग वाला नहीं दिखा किसी भी दल में मजबूत संयोग

**करंट क्राइम।** राजनीति में दोस्ती का मतलब ही चुनावी मुनाफा होता है। सियासी सहयोग ही अपने राजयोग के लिए लिया जाता है। कभी कांग्रेस को भ्रष्ट बताने वाली आम आदमी पार्टी उसी कांग्रेस के साथ गठबंधन कर रही है। सियासी सहयोग कितना असरदार होता है ये उपचुनाव में दिखाई दिया। हालांकि यहां सहयोग को लेकर कोई डाउट नहीं है लेकिन इस सहयोग का लाभ मिलता दिखाई नहीं दिया। चुनावी सहयोग की बात करें तो यहां हैंडपम्प वाले फूल के चुनावी सहयोगी थे लेकिन मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने और अपने वोटर को बूथ तक ले आने में सीन फीका ही रहा। यहां साईकिल का उम्मीदवार चुनाव लड़ रहा था और कांग्रेस गठबंधन धर्म में चुनाव लड़वा रही थी। लेकिन कांग्रेस ने साईकिल में कितना हाथ लगाया, ये चुनाव नतीजा बता रहा है। कांग्रेस का सहयोग बैठकों में रहा होगा। लेकिन ईवीएम पर उसका सहयोग उतना असरदार नहीं दिखाई दे रहा। कुल मिलाकर इस उपचुनाव में जो भी लड़ा वो अपने दम पर ही लड़ा और यहां किसी के सहयोग पर कोई उंगली नहीं उठा रहा है लेकिन चुनाव का नतीजा ये बता रहा है कि अगर सहयोग मजबूत होता तो कोई जीते, कोई हारे लेकिन वोटों का आकंड़ा मजबूत होता। बूथ इलाकों के हिसाब से इस बात की गवाही दे देते कि कौन से दल का सहयोग कौन से दल को मिला है। बस्तों पर सब चुनाव वाले बैठे और चुनावी सहयोगी इस वाले महोत्सव में चुनावी मेहमानों की तरह नजर आये।

### क्या डी रहा उदासीन और एम का बदल गया एकजुटता वाला सीन

**करंट क्राइम।** मतदान को लेकर उम्मीदें थी और ये उम्मीदें उन इलाकों से थी जिनके बारे में ये धारणा है कि वहां वोटों का ध्रुवीकरण होता है और वहां मतदाता लाईनों में लग कर वोट देते हैं। लेकिन जब नतीजा आया तो ये पता चल रहा है कि जिन बस्तियों को लेकर विपक्ष को उम्मीद थी उन बस्तियों में मतदाता उदासीन रहा। एक बड़ा वर्ग जिसे नीले कैडर वोट के रूप में जाना जाता है वो वर्ग घरों से वोट देने ही नहीं निकला। उन्होंने हाथी, साईकिल और केतली में कोई रूचि नहीं दिखाई। इन दलों के उम्मीदवार इन बस्तियों में मतदाताओं तक या तो पहुंचे नहीं या फिर अपनी छाप नहीं छोड सके। वहीं जहां ध्रुवीकरण की उम्मीद थी वहां भी एक जुटता वाला सीन बदल गया। मुस्लिम बस्तियों में एक मुश्त वोट किसी को नहीं मिला। एक तो मतदान की गति धीमी रही और दूसरे ये धीमा मतदान भी कई हिस्सों में तस्कीम हो गया। हवा कुछ ऐसी चली कि साईकिल को जोर लगाने पड़ गये और हाथी हांफ गया। यहां पतंग भी उड़ी और केतली में भी थोड़ा बहुत ऊबाल आया। कुल मिलाकर ये वोट बंट गया और भाजपा यहां अपने बंटेंगे तो कटेंगे नारे के साथ एक मुश्त वोट लेकर आ गई।

# इस बार सर्दी का ये मौसम होगा विधायक संजीव शर्मा के लिए अलग

## संगठन के कमांडर पहली बार अटैंड करेंगे शीतकालीन सत्र

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भगवागढ़ की सियासत तेजी से रंग बदल रही है। लोक सभा में वो हुआ जो राजनीति में किसी ने सोचा नहीं था। यहां से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने शहर विधायक अतुल गर्ग को लोकसभा चुनाव लड़ाने का फैसला किया। अतुल गर्ग ने इस फैसले को सही साबित किया और वो लोकसभा चुनाव जीते।

शहर विधायक जब लोकसभा सांसद बने तो ये सीट रिक्त हुई। विधानसभा के लिए उपचुनाव हुआ और यहां भाजपा ने अपने महानगर अध्यक्ष को ही उम्मीदवार बनाया।



महानगर अध्यक्ष के रूप में लगातार दूसरी पारी खेल रहे संजीव शर्मा को भाजपा ने टिकट दिया। वो पहली बार चुनाव लड़े और एक बड़ी जीत के साथ वो विधायक बने हैं। संजीव शर्मा के लिए ये जीत उनकी सियासत में एक बड़ी संजीवनी लेकर आई है।

सबसे खास बात ये है कि अब जब वो महानगर अध्यक्ष से शहर विधायक बन गये हैं तो सभी की नजरे इस बात पर हैं कि वो विधानसभा में पहुंच कर कौन सा मुद्दा उठायेंगे। गाजियाबाद की कौन सी समस्या को रखेंगे। संजीव शर्मा विधायक के रूप में शपथ सभंवत 16 दिसम्बर के बाद ले सकते हैं। ये विंटर सीजन उनके लिए जीवन का सबसे अलग अनुभव लेकर आयेगा। क्योंकि ये उनके जीवन में पहली सर्दी आयेगी जो सियासत की गर्मी का एहसास करायेगी। सर्दी का ये मौसम संजीव शर्मा के लिए इसलिए अलग होगा क्योंकि वो 16 दिसंबर से शुरू होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पहली बार विधायक के रूप में विधानसभा पहुंचेंगे।

ये विधानसभा का उनका पहला अनुभव होगा और यहां उन्हें अपने शहर के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर, मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच और धौलाना विधायक धर्मेश तोमर का भी साथ मिलेगा।


## स्मृति सभा



जय भिक्षु — अर्हम् — जय महाश्रमण

स्वर्गीय राजू देवी बैद (70 वर्ष) धर्मपत्नी श्री सुपारसमल जी बैद लाडनूं निवासी दिल्ली प्रवासी का स्वर्गवास दिनांक 23 नवंबर, 2024 (शनिवार) को हो गया था। दिवंगत आत्मा के चिर शान्ति के लिए स्मृति सभा आज दिनांक 25 नवंबर, 2024 (सोमवार) को प्रातः 9:30 बजे ओसवाल भवन, विवेक विहार, शाहदरा में आयोजित की जायेगी।

**शोकाकुल परिवार**

प्रकाश- मंजुला बैद (देवर- देवरानी)
सुशील- सुनीता बैद (देवर- देवरानी)
पवन- सविता बैद (देवर- देवरानी)
विकास-मंजू बैद (पुत्र - पुत्र वधु)
आकाश- कुसुम बैद (पुत्र - पुत्र वधु)
मुकेश-बिनिता बैद (पुत्र - पुत्र वधु)
श्रुति, रिशिका, यशिका, युविका एवं हर्षित ( पौत्र - पौत्री)

**पीहर पक्ष**

स्व. सुरजमल जी, स्व.चम्मालाल जी
श्री रंजीत, मनोज डूंगरवाल

संपर्क :- 9958035180, 7011339136, 9810539040


# एनसीआर कम नहीं हो रहा वायु प्रदूषण का स्तर

# लोनी बना हुआ है सबसे प्रदूषित इलाका

## वायुमंडल में लगातार बढ़ रहे हैं धूल के महीन कण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की स्थिति कम होने का नाम नहीं ले रही है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जहां स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई शुरू कर दी गई है। तो वहीं सरकारी और निगम के अधीन कार्यालयों में समय परिवर्तित कर दिया गया है। उधर नगर निगम, नगर पालिका और लोकल एजेंसी सड़कों पर छिड़काव, धूल करने वाले कारकों पर कार्रवाई करने के साथ ही कृत्रिम बारिश वाहनों से करवा रहे हैं लेकिन वायु प्रदूषण का स्तर नहीं सुधर रहा है। रविवार को गाजियाबाद में लोनी का वायु प्रदूषण का स्तर दिल्ली-एनसीआर में बेहद गंभीर स्थिति में रहा। तो वहीं गाजियाबाद के वायु प्रदूषण की स्थिति भी कंट्रोल में नहीं है। गाजियाबाद का वायु प्रदूषण लगातार रेड जोन में बना हुआ है। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। वहीं सुबह और शाम के समय ठंड बढ़ने से वायुमंडल में धूल के महीन कणों की मात्रा बढ़ रही है। जिससे लोगों को सांस लेने और आंखों में जलन की शिकायत आ रही है।

### गाजियाबाद का वायु प्रदूषण लगातार रेड जोन में

### लोगों को सांस लेने और आंखों में हो रही जलन की शिकायत



### धूल और धुएं पर नहीं लग रही है प्रशासनिक रोक

**करंट क्राइम।** खुले में धूल भी उड़ रही है और धुंआ भी शहर की हवा का दम घट रहा है। वायु प्रदूषण की घातक होती स्थिति लोगों के जीवन पर असर डाल रही है और अस्पतालों से लेकर घरों में लोग वायु प्रदूषण की गिरफ्त में आकर बीमारी का शिकार भी हो रहे हैं। इस मौसम में लोगों की आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत और सिर दर्द जैसी समस्या वायु प्रदूषण की वजह से ही बताई जा रही हैं।


### तेज हवा और बारिश से की मिलेगी प्रदूषण से राहत

**करंट क्राइम।** दिल्ली-एनसीआर में दीपावली की बात से वायु प्रदूषण की स्थिति बेहद घातक बनी हुई है और क्वालिटी इंडेक्स लगातार रेड जोन में चल रहा है। तो वहीं मौसम विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी बता रहे हैं कि जब तक हवा की गति 11 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अधिक नहीं चलेगी या बारिश के साथ बूंदाबांदी नहीं होती है तब तक वायुमंडल में जमे धूल के कण नहीं बैठेंगे और लोगों को वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति से दो-चार होना पड़ेगा। उधर मौसम विभाग के अनुसार अभी आने वाले दिनों में बारिश की उम्मीद कम ही नजर आ रही है। तो तेज हवा भी नहीं चल रही है।

### लोनी का एयर क्वालिटी इंडेक्स 303

**करंट क्राइम।** लोनी का एयर क्वालिटी इंडेक्स कम नहीं हो रहा है। रविवार को गाजियाबाद में लोनी के प्रदूषण केंद्रों में सबसे ज्यादा प्रदूषित रहा। यहां का एयर क्वालिटी इंडेक्स 303 दर्ज किया गया। तो वही संजय नगर 263, वसुंधरा 234 और इंदिरापुरम की वायु गुणवत्ता 176 दर्ज की गई है। बता दें कि बीते लगभग 20 दिनों से दिल्ली-एनसीआर में हवा सांस लेने लायक नहीं है। जिसकी वजह से लगातार स्कूलों में छुट्टी और सरकारी कार्यालयों के समय में बदलाव वाले आदेश जारी किए गए थे।

# मैं भी एनसीसी कैडेट था, 'मन की बात' में पीएम मोदी ने याद किए पुराने दिन



**उन्होंने साफ-सफाई को लेकर उत्तर प्रदेश के कानपुर में जारी एक अच्छी पहल की जानकारी साझा करते हुए कहा कि कानपुर कुछ लोग रोज सुबह की सैर पर निकलते हैं और गंगा के घाटों पर फैले प्लास्टिक और अन्य कचरे को उठा लेते हैं। इस समूह को कानपुर प्लॉगर्स ग्रुप नाम दिया गया है।**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 116वें 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम में एनसीसी डे की शुभकामनाएं देते हुए अपने पुराने दिनों को याद किया। उन्होंने कहा कि एक एनसीसी कैडेट होते हुए उन्हें अुशासन और लीडरशिप की जानकारी मिली थी। उन्होंने कहा, मैं स्वयं एनसीसी कैडेट रहा हूं, इसलिए मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इससे मुझे जो अनुभव मिला वह मेरे लिए अमूल्य है। एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना पैदा करती है।

पीएम मोदी ने कहा कि 11-12 जनवरी को दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल उन युवाओं को राजनीति से जोड़ने के प्रयासों का हिस्सा है जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती बहुत ही विशेष तरीके से मनाई जाएगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, मैंने लाल किले की प्राचीर से ऐसे युवाओं से राजनीति में आने की अपील की जिनके परिवार की कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। ऐसे एक लाख युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए देश में कई विशेष अभियान चलाए जाएंगे। विकसित भारत युवा नेता संवाद ऐसी ही एक पहल है। अपने रेडियो कार्यक्रम के दौरान मोदी ने लोगों से उन प्रवासी भारतीयों की प्रेरक कहानियों का जश्न मनाने का भी आान किया, जिन्होंने विश्व स्तर पर अपनी छाप छोड़ी, स्वतंत्रता संग्राम में योगदान दिया और हमारी विरासत को संरक्षित किया। उन्होंने कहा, ऐसी कहानियों को प्रवासी भारतीय कहानियां हैशटैग के साथ नमो ऐप या माईजीओवी पर साझा करें। मोदी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की मदद करने में भारत की युवा शक्ति की करुणा और ऊर्जा सराहनीय है।

इस संदर्भ में उन्होंने लखनऊ के एक युवा का उदाहरण दिया जो जीवन प्रमाणपत्र डिजिटल माध्यम से जमा करने में बुजुर्गों की मदद करता है।सरकारी कार्यालयों में आये बदलाव पर खुशी जाहिर करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आपने देखा होगा, जैसे ही कोई कहता है सरकारी दफ्तर तो आपके मन में फाइलों के ढ़ेर की तस्वीर बन जाती है । आपने फिल्मों में भी ऐसा ही कुछ देखा होगा। सरकारी दफ्तरों में इन फाइलों के ढ़ेर पर कितने ही मजाक बनते रहते हैं, कितनी ही कहानियां लिखी जा चुकी हैं। बरसों-बरस तक ये फाइलें ऑफिस में पड़े-पड़े धूल से भर जाती थीं, वहां, गंदगी होने लगती थी - ऐसी दशकों पुरानी फाइलों और कबाड़ को हटाने के लिए एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। आपको ये जानकर खुशी होगी कि सरकारी विभागों में इस अभियान के अद्भुत परिणाम सामने आए हैं। साफ-सफाई से दफ्तरों में काफी जगह खाली हो गई है। इससे दफ्तर में काम करने वालों में एक स्वदायित्व का भाव भी आया है। अपने काम करने की जगह को स्वच्छ रखने की गंभीरता भी उनमें आई है।

उन्होंने साफ-सफाई को लेकर उत्तर प्रदेश के कानपुर में जारी एक अच्छी पहल की जानकारी साझा करते हुए कहा कि कानपुर कुछ लोग रोज सुबह की सैर पर निकलते हैं और गंगा के घाटों पर फैले प्लास्टिक और अन्य कचरे को उठा लेते हैं। इस समूह को कानपुर प्लॉगर्स ग्रुप नाम दिया गया है। इस मुहिम की शुरूआत कुछ दोस्तों ने मिलकर की थी। धीरे-धीरे ये जन भागीदारी का बड़ा अभियान बन गया। शहर के कई लोग इसके साथ जुड़ गए हैं। इसके सदस्य, अब, दुकानों और घरों से भी कचरा उठाने लगे हैं। इस कचरे से रिसाइकिल संयंत्र में ट्री गार्ड तैयार किए जाते हैं, यानि, इस ग्रुप के लोग कचरे से बने ट्री गार्ड से पौधों की सुरक्षा भी करते हैं। उन्होंने एक और उदारण देते हुए कहा, छोटे-छोटे प्रयासों से कैसी बड़ी सफलता मिलती है, इसका एक उदाहरण असम की इतिशा भी है। इतिशा की पढ़ाई-लिखाई दिल्ली और पुणे में हुई है। इतिशा कारपोरेट दुनिया की चमक-दमक छोड़कर अरुणाचल की सांगती घाटी को साफ बनाने में जुटी हैं। पर्यटकों की वजह से वहां काफी प्लास्टिक कचरा जमा होने लगा था। वहां की नदी जो कभी साफ थी वो प्लास्टिक कचरे की वजह से प्रदूषित हो गई थी। इसे साफ करने के लिए इतिशा स्थानीय लोगों के साथ मिलकर काम कर रही है।

# कंगना रनौत का उद्धव ठाकरे पर हमला

## कहा- देश तोड़ने की बात करने वालों को जनता ने सिखाया सबक



**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति की जीत के बाद शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश को तोड़ने की बात करने वालों को जनता से सबक सिखाया है। कांग्रेस को जनता ने जवाब दिया है। बलिदान देकर ये देश बना है। कुछ मूर्खों के इकट्ठे हो जाने से देश के टुकड़े नहीं हो सकते।

हिमाचल के भुंतर हवाई अड्डे पर दिल्ली रवाना होने से पहले कंगना रनौत ने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों ने विकास और स्थिर सरकार के लिए वोट दिया है। महायुति की जीत को लेकर हर कार्यकर्ता उत्साहित है। हमारी पार्टी की यह ऐतिहासिक है। हम पूरे महाराष्ट्र और पूरे देश की जनता का धन्यवाद करते हैं।

भाजपा आलाकमान जल्द ही अगले मुख्यमंत्री का फैसला करेगा। हमारी पार्टी की विचारधारा के तहत सीएम का चयन किया जाएगा। हमारे पास एक से बढ़कर नेतृत्व के लिए लोग हैं। मंडी से सांसद ने कहा कि प्रचार के दौरानमैंने हर बच्चे को मोदी-मोदी का नारा लगाते देखा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे बड़े नेता हैं। भाजपा एक ब्रांड है और आज भारत के लोग इस ब्रांड पर विश्वास करते हैं। आजादी के बाद कांग्रेस भी एक ब्रांड थी, लेकिन आज यह एक क्षेत्रीय पार्टी बन गई है क्योंकि लोगों का उस पर से विश्वास उठ गया है।

उद्धव ठाकरे की हार पर कंगना ने कहा कि मुझे उम्मीद थी कि यह होगा। इतिहास गवाह है महिलाओं का सम्मान करने वाले देवता होते हैं और महिलाओं का अपमान करने वाले दैत्य होते हैं। दैत्यों की हार होती है। आप सभी ने देखा मेरा बंगला तोड़ा गया, मुझे गालियां दी गईं। ऐन वक्त पर उनकी बुद्धि भ्रष्ट हो गई थी। दैत्यों की हार हुई है। संभल को लेकर रनौत ने कहा कि एक हैं तो नेक हैं। अगर बटेंगे तो कटेंगे। हमको एकजुट होकर इसकी निंदा करनी चाहिए। हिमाचल में हमने इसकी निंदा की। वायनाड में प्रियंका गांधी को जीतने पर उन्होंने शुभकामनाएं दीं।



# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- पोषणीयता पर फैसला उपासना स्थल कानून 1991 के तहत, अब 17 दिसंबर को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट उपासना स्थल कानून 1991 के तहत ज्ञानवापी मामले की पोषणीयता पर फैसला करेगा। कोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर में हिंदू देवी-देवताओं की पूजा करने के अधिकार की मांग करने वाली हिंदू महिलाओं के एक समूह की ओर से दायर उपासना स्थल अधिनियम, 1991 के आलोक में मुकदमे की कानूनी स्थिरता तय करने की आवश्यकता पर जोर दिया। अगली सुनवाई 17 दिसंबर को होगी। मस्जिद प्रबंधन समिति का तर्क है कि हिंदू पक्ष के दायर सभी मुकदमे उपासना स्थल अधिनियम, 1991 के तहत वर्जित हैं।

साथ ही कोर्ट ने सभी संबंधित मुकदमों की सुनवाई वाराणसी के सिविल न्यायालयों से इलाहाबाद हाईकोर्ट स्थानांतरित करने की माग पर भी आपत्ति जताई। ज्ञानवापी मामले से संबंधित 17 मुकदमों को इलाहाबाद हाईकोर्ट में स्थानांतरित करने के हिंदू पक्ष के अनुरोध पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि साक्ष्य संग्रह और मुकदमे की कार्यवाही के लिए वाराणसी जिला न्यायाधीश उपयुक्त मंच हो सकते हैं। पीठ ने हिंदू पक्ष की ओर से पेश वरिष्ठ वकील श्याम दीवान से कहा कि बस, इस बात पर विचार करें कि क्या एक जिला न्यायाधीश को सब कुछ सुनना चाहिए। हमारा मानना है कि मामले के इस अदालत में पहुंचने से पहले तथ्यों के प्रश्न पर फिर से विचार करने के लिए हाईकोर्ट के रूप में अपीलीय मंच होना चाहिए।

### लंबित मुकदमों को एकीकृत करने पर जोर

श्याम दीवान ने सभी लंबित मुकदमों को एकीकृत करने और उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट की तीन न्यायाधीशों वाली पीठ को हस्तांतरित करने पर जोर दिया। उन्होंने तर्क दिया कि कुछ मुकदमे जिला न्यायाधीश के समक्ष लंबित हैं, जबकि अन्य वाराणसी में सिविल न्यायाधीश के समक्ष हैं। इससे परस्पर विरोधी फैसले हो सकते हैं। हिंदू पक्ष की दलील का विरोध करते हुए मस्जिद समिति का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील हुजेफा अहमदी ने आग्रह किया कि वह ऐसी मिसाल कायम करने से बचें जिससे इसी तरह के विवादों को हाईकोर्ट में तेजी से आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने सवाल किया कि अगर इस सिद्धांत को अपनाया जाता है तो देश भर में विवादों के संबंध में इसी तरह के मुद्दे उठेंगे। क्या ऐसे सभी मामले सीधे हाईकोर्ट में जाने चाहिए? सभी दलीलों को सुनने के बाद शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले में अब अगली सुनवाई 17 दिसंबर को होगी।

# संसद सत्र पर सर्वदलीय बैठक, विपक्ष ने अदाणी केस, मणिपुर हिंसा जैसे मुद्दों पर की चर्चा की मांग

**शीतकालीन सत्र के शुरूआती हफ्ते के अंत में वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए बनी जेपीसी अपनी रिपोर्ट पेश कर सकती है।**



**नई दिल्ली।** सोमवार से संसद के शीतकालीन सत्र की शुरूआत होने वाली है, उससे पहले केंद्र सरकार ने रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस बैठक में संसद के शीतकालीन सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए पार्टियों के बीच सहमति बनाने की कोशिश की गई। सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस ने अदाणी समूह के खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोपों पर चर्चा की मांग की। इससे साफ है कि विपक्ष शीतकालीन सत्र में भी इस मुद्दे को उठाएगा, जिससे संसद सत्र के काफी हंगामेदार रहने के आसार हैं, लेकिन महाराष्ट्र चुनाव में जीत के बाद यकीनन सत्ताधारी भाजपा को थोड़ा आत्मविश्वास जरूर मिला होगा। सर्वदलीय बैठक का आयोजन संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। इस बैठक में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, शिवसेना, बीजद और अन्य पार्टियों के नेता शामिल हुए। शीतकालीन सत्र सोमवार यानी 25 नवंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा। इस सत्र के दौरान विपक्ष सरकार को वक्फ संशोधन विधेयक, मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर घेरने की कोशिश करेगा। वहीं उद्योगपति गौतम अदाणी पर अमेरिका द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर भी विपक्ष केंद्र पर हमलावर है।

### बैठक में 30 पार्टियों के 42 नेता रहे मौजूद

बैठक के बाद संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि 'बैठक में 30 राजनीतिक दलों के कुल 42 नेता मौजूद थे। सभी ने कुछ विषयों पर चर्चा के लिए कहा है लेकिन हम चाहते हैं कि लोकसभा और राज्यसभा में अच्छी चर्चा हो। सरकार किसी भी विषय पर चर्चा के लिए तैयार है। हमारा बस इतना अनुरोध है कि सदन अच्छे से चले और हंगामा न हो। शीतकालीन सत्र को अच्छे से चलाने के लिए सभी का सहयोग चाहिए और सभी की भागीदारी जरूरी है।'

### ये विधेयक शीतकालीन सत्र में किए जा सकते हैं पेश

सरकार ने सत्र में विचार के लिए वक्फ संशोधन विधेयक सहित 16 विधेयक सूचीबद्ध किए हैं। शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार पंजाब कोर्ट्स संशोधन विधेयक, मर्चेंट शिपिंग विधेयक, तटीय शिपिंग विधेयक और भारतीय बंदरगाह विधेयक पेश किए जा सकते हैं। इनके अलावा भारतीय वायुयान विधेयक, जो लोकसभा से पारित हो चुका है, वह राज्यसभा में लंबित है। लोकसभा बुलेटिन के अनुसार, लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक और मुसलमान वक्फ विधेयक समेत आठ विधेयक लंबित हैं। साथ ही राज्यसभा में दो विधेयक लंबित हैं। एक देश एक चुनाव विधेयक इस संसद सत्र में पेश करने की उम्मीद कम ही है।

### अदाणी मुद्दे पर सबसे पहले चर्चा की मांग

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने गौतम अदाणी मामले पर संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) जांच की मांग की है। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने बैठक के बाद कहा कि उनकी पार्टी ने सरकार से सत्र में अदाणी रिश्वत कांड पर चर्चा की अनुमति देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी चाहती है कि सोमवार को संसद की बैठक में सबसे पहले इस मुद्दे को उठाया जाए। राज्यसभा सांसद ने कहा कि यह देश के आर्थिक और सुरक्षा हितों से जुड़ा एक गंभीर मुद्दा है क्योंकि कंपनी ने अपनी सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए अनुकूल सौदा पाने के लिए राजनेताओं और नौकरशाहों को कथित तौर पर 2,300 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया।

शीतकालीन सत्र के शुरूआती हफ्ते के अंत में वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए बनी जेपीसी अपनी रिपोर्ट पेश कर सकती है। हालांकि जेपीसी में शामिल विपक्षी सांसद रिपोर्ट जमा करने के लिए और समय देने की मांग कर रहे हैं। बैठक में 26 नवंबर को संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में संविधान अपनाने की 75वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम पर भी चर्चा हुई।

# बीजेडी ने वक्फ (संशोधन) विधेयक वापस लेने की मांग की, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ने राजभवन के पास की नारेबाजी



**उड़ीसा।** भुवनेश्वर में बीजू जनता दल (बीजद) ने रविवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक वापस लेने की मांग को लेकर रैली निकाली गई। ये रैली बीजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की तरफ से आयोजित की गई, जो भुवनेश्वर में राजभवन के पास आयोजित की गई, जहां प्रदर्शनकारियों ने विधेयक वापस लेने की मांग करते हुए नारे लगाए, क्योंकि उनका दावा है कि इससे समुदाय के बीच सद्भाव प्रभावित होगा।

वहीं प्रदर्शनकारियों ने खुर्दा के जिला कलेक्टर के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें उन्होंने कुछ सुझाव दिए और वक्फ अधिनियम, 1995 में प्रस्तावित संशोधनों के बारे में चिंता व्यक्त की। इस ज्ञापन में कहा गया है, 'हम आग्रह करते हैं कि इस प्रस्तावित विधेयक को वापस लिया जाए और संसद में कोई भी संशोधन पेश किए जाने से पहले हितधारकों के साथ उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए व्यापक परामर्श किया जाए। हम, चिंतित नागरिक होने के नाते, अपने राष्ट्र के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं, इस मामले में न्याय और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए आपके सम्मानित कार्यालय पर भरोसा करते हैं।

# कांग्रेस नेता ने शरद-उद्धव गुट पर फोड़ा हार का ठीकरा, कहा- योजना के तहत प्रचार नहीं किया

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जी. परमेश्वर ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव परिणामों पर रविवार को प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी गठबंधन सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) जैसी योजना बनाई गई थी, वैसा चुनावी अभियान चलाने में विफल रहीं।

परमेश्वर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के पर्यवेक्षक थे। उन्होंने कहा, लडकी बहिन योजना उनके लिए काफी प्रभावशाली रही। पिछले छह महीनों तक उन्होंने इसे प्रचारित किया,ये सब उनके हाथ में था। आखिरकार हमने टिकटों का एलान कर दिया और पार्टी में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। शरद पवार और उद्धव ठाकरे के गुट आपस में अच्छी तरह से गठबंधन नहीं बना पाए, उन्होंने जैसी योजना बनाई गई थी, वैसा प्रचार नहीं किया। खासकर विदर्भ में हमें कम सीटें मिलीं।



### परमेश्वर ने ईवीएम पर भी उठाए सवाल

कांग्रेस नेता ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर भी सवाल उठाया और कहा, हमें जो जानकारी मिली है, वह हैरान करने वाली है कि ईवीएम को हर सीट में नहीं बल्कि चुनिंदा तरीके से हैक किया गया। मेरा मानना है कि उन्होंने ईवीएम को हैक किया है।

### कांग्रेस का अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन

महा विकास अघाडी (एमवीए) के घटक दल के रूप में कांग्रेस ने 101 सीटों पर चुनाव लड़ा था। लेकिन उसे सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा और उसे सिर्फ 16 सीटों पर जीत मिली। यह कांग्रेस का अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने भी कहा कि 1977 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने महाराष्ट्र में 48 सीटों में से केवल 20 सीटों पर जीत हासिल की थी, जो अब तक का सबसे कम आंकड़ा था।

### 'विदर्भ क्षेत्र से थी 50 सीट मिलने की उम्मीद'

उन्होंने आगे कहा, हमें विदर्श से कम से कम 50 सीटें मिलने की उम्मीद थी। लेकिन चुनाव परिणाम इसके विपरीत आए। परमेश्वर ने कहा, महाराष्ट्र में कांग्रेस और महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने बहुत खराब प्रदर्शन किया है। यह हर कोई जानता है। हमने और महाराष्ट्र के कुछ नेताओं ने कल एक साथ बैठकर विश्लेषण किया। पूर्व मुख्यमंत्री (राजस्थान) अशोक गहलोत और भूपेश बघेल (छत्तीसगढ़) और हम एक साथ बैठे।

### बावनकुले ने साधा विपक्ष पर निशाना

भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने महाराष्ट्र में शानदार जीत हासिल की है। उसने 288 सीटों में से 23 0 पर जीत हासिल की है। महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा, महाराष्ट्र में इस बार विपक्ष का नेता नहीं होगा। यह कांग्रेस और विपक्ष के गलत कामों का परिणाम है। उन्होंने लोकसभा चुनाव में झूठे नारों से मतदाताओं को गुमराह किया था और जब विधानसभा चुनाव में यह सच सामने आया तो जनता ने उन्हें हरियाणा की तरह बाहर का रास्ता दिखा दिया।

## न्यूज डायरी

### महाराष्ट्र में भाजपा के लिए आसान नहीं सरकार का चेहरा तय करना



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे से भाजपा बमबम है। पार्टी के जबर्दस्त प्रदर्शन ने किसी दूसरे दल के लिए मुख्यमंत्री बनने की संभावना पर तकरीबन पूर्ण विराम लगा दिया है। हालांकि नब्बे फीसदी के स्ट्राइक रेट और बहुमत से चंद कदम की दूरी के बावजूद भाजपा के लिए सरकार का चेहरा तय करना और नई सरकार के गठन के कील-कांटे दूर करना आसान नहीं होगा। नतीजे के बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या भाजपा पहले की तरह सीएम पद के लिए देवेंद्र फडणवीस पर दांव लगाएगी या मराठा बनाम ओबीसी की नए सियासी समीकरण को साधने की कोशिश करेगी।

### हेमंत-कल्पना के करिश्माई नेतृत्व की बदौलत झामुमो ने रचा इतिहास



भाजपा ने चुनाव अभियान में जिस दंपती को बंटी और बबली नाम दिया दिया था, उसी दंपती हेमंत और कल्पना सोरेन ने अपने करिश्माई प्रदर्शन से उसे चुनावी जंग में चित कर दिया। हेमंत और कल्पना के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ लगातार दूसरी बार झारखंड में सत्ता हासिल करने में कामयाबी हासिल की है। इस शानदार सफलता के साथ हेमंत और कल्पना राजनीति में ताकतवर दंपती बनकर उभरे हैं। कल्पना पति हेमंत की गिरफ्तारी के बाद इस साल की शुरूआत में सक्रिय राजनीति में आई थीं। सोरेन दंपती ने विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद राज्य में करीब 200 चुनावी रैलियां की।

# लेटरल एंट्री पर सियासी विवाद जारी अब संसदीय समिति करेगी जांच

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार में जॉइंट सेक्रेटरी, डिप्टी सेक्रेटरी और डायरेक्टर लेवल के 45 पद लेटरल एंट्री के जरिये भरने के लिए यूपीएससी ने विज्ञापन दिया था। इस विज्ञापन को आरक्षण के खिलाफ बताते हुए विपक्ष ने इस साल की शुरूआत में इसके विरोध में मोर्चा खोल दिया था। आखिरकार सरकार को लेटरल एंट्री का विज्ञापन रद्द करने को कहना पड़ा था। बढ़ते सियासी विवाद को देखते हुए अब इस पूरे मुद्दे की जांच संसदीय समिति करेगी।

लोकसभा सचिवालय द्वारा दिए गए विवरण के अनुसार, कार्मिक, लोक शिकायत, विधि और न्याय संबंधी विभाग-संबंधित संसदीय स्थायी समिति द्वारा 2024-25 में जांच के लिए चुने गए विषयों में सिविल सेवाओं में लेटरल एंट्री भी शामिल है।



इस साल अगस्त में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने अनुबंध के आधार पर लेटरल एंट्री मोड के माध्यम से भरने के लिए 45 पदों के लिए विज्ञापन दिया था, जिसमें संयुक्त सचिवों के 10 और निदेशकों एवं उप सचिवों के 35 पद शामिल थे। इसके विरोध में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मोर्चा खोल दिया था। वहीं मोदी सरकार में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) और जनता दल (यूनाइटेड) जैसी पार्टियां भी इसके विरोध में उतर आई थीं।

इसके अलावा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित कई नेताओं ने अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) उम्मीदवारों के लिए आरक्षण नहीं होने की सरकार की नीति की आलोचना की थी। नतीजा ये हुआ कि सरकार को यूपीएससी चेयरपर्सन को पत्र लिखकर लेटरल एंट्री का विज्ञापन रद्द करने के लिए कहना पड़ा।

### 2018 से लागू है लेटरल एंट्री योजना

पहले बात करते हैं लेटरल एंट्री योजना की। ऐसा नहीं है कि इस योजना के तहत पहली बार नियुक्तियां होने जा रही थीं। मोदी सरकार में साल 2018 में पहली बार इस योजना के तहत नियुक्तियां की गई थीं। तब से लेकर अब तक इस योजना के तहत 63 नियुक्तियां की गईं, जिनमें से 35 प्राइवेट सेक्टर से की गई। इस साल जुलाई तक लेटरल एंट्री के तहत नियुक्त गए 57 लोग अपने पदों पर काम कर रहे थे।

# रिश्वत मामले में गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर तलब

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह के संस्थापक और चेयरमैन गौतम अदाणी व उनके भतीजे सागर अदाणी को अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) ने समन जारी किया है। एसईसी ने उन्हें आकर्षक सौर ऊर्जा अनुबंध हासिल करने के लिए 265 मिलियन डॉलर (2,200 करोड़ रुपये) की रिश्वत देने के आरोप पर अपना रुख स्पष्ट करने के लिए कहा है। अदाणी के अहमदाबाद स्थित शांतिवन फार्म आवास और उनके भतीजे सागर के उसी शहर स्थित बोदकदेव आवास पर समन भेजकर 21 दिनों के मांगा गया गया है।



### न्यूयॉर्क ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट कोर्ट से 21 नवंबर को भेजा गया नोटिस

न्यूयॉर्क ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की आरे से से 21 नवंबर को भेजे गए नोटिस में कहा गया है, इस समन की आप तक तामील के 21 दिनों के भीतर (जिस दिन आपको यह समन मिला, उसे छोड़कर)...आपको वादी (एसईसी) को संलग्न शिकायत का उत्तर या संघीय सिविल प्रक्रिया नियम 12 के अंतर्गत एक प्रस्ताव तामील कराना होगा। इसमें कहा गया है, यदि आप जवाब देने में विफल रहते हैं, तो शिकायत में मांगी गई राहत के लिए आपके खिलाफ डिफॉल्ट रूप से निर्णय दर्ज किया जाएगा। आपको अपना जवाब या प्रस्ताव भी अदालत में दाखिल करना होगा।

अमेरिकी न्याय विभाग की ओर से लगाए गए अभियोग के अलावा, अमेरिकी एसईसी ने भी इन दोनों और एज्योर पावर ग्लोबल के कार्यकारी अधिकारी सिरिल कैबनेस पर बड़े पैमाने पर रिश्वतखोरी की योजना से उत्पन्न आचरण के लिए आरोप लगाया है। बंदरगाहों से लेकर ऊर्जा तक के कारोबार से जुड़ी इस कंपनी ने आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि वह सभी संभव कानूनी संसाधनों का इस्तेमाल करेगी। अदाणी समूह ने कहा, हमनें हमेशा अपने परिचालन के सभी क्षेत्रों में शासन, पारदर्शिता और विनियामक अनुपालन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई है। हम अपने हितधारकों, भागीदारों और कर्मचारियों को आश्वस्त करते हैं कि हम एक कानून का पालन करने वाला संगठन हैं जो सभी कानूनों का पूरी तरह से अनुपालन करता है।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। सोमवार 25 नवंबर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# आज भी जारी रहेगी अधिवक्ताओं की हड़ताल

# पूर्व उपाध्यक्ष संभालेंगे आंदोलन की कमान

## बार एसोसिएशन ने मांगा रजिस्ट्री ऑफिस से भी समर्थन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अधिवक्ताओं की 29 अक्टूबर से जारी हड़ताल का अब तक कोई हल नहीं निकल रहा है। लगातार अधिवक्ता हड़ताल कर रहे हैं और जिला जज को हटाने और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। सोमवार को भी बार एसोसिएशन गाजियाबाद से जुड़े अधिवक्ता कार्य बहिष्कार पर रहेंगें। इस दौरान बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव अमित नेहरा ने बार एसोसिएशन गाजियाबाद से उत्तर प्रदेश की समस्त जनपद बार संघों की तहसील, बार संघ ,टैक्स और रेवेन्यू बार एसोसिएशन से भी मांग की है कि गाजियाबाद न्यायालय में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में कलम बंद हड़ताल पर रहें। साथ ही संपूर्ण न्यायिक कार्य व रजिस्ट्री बंद रखकर बार एसोसिएशन का सहयोग करें।








### कार्रवाई नहीं होने तक जारी रहेगा अधिवक्ताओं का आंदोलन

**करंट क्राइम ।** बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा है कि जब तक जिला जज को हटाया नहीं जाता है और अधिवक्ताओं को मुआवजा देने के साथ ही दोषी पुलिसर्मी जिन्होंने लाठीचार्ज किया था उन पर कार्रवाई नहीं होगी तब तक बार एसोसिएशन गाजियाबाद और अन्य बार के सहयोग से आंदोलन जारी रखेंगे। इस दौरान धरना, प्रदर्शन और हड़ताल वाला कार्यक्रम भी चलता रहेगा। बार अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा है कि सोमवार को भी अधिवक्ता गाजियाबाद बार एसोसिएशन के बैनर तले हड़ताल पर रहेंगे।

### अयूब अली से लेकर मृदुला राय त्यागी रहेगी मौजूद

**करंट क्राइम ।** सोमवार को बार एसोसिएशन गाजियाबाद के कई पुराने उपाध्यक्ष बार एसोसिएशन गाजियाबाद के समर्थन पर धरने और आंदोलन की कमान संभालेंगे। इसमें मुख्य रूप से पूर्व उपाध्यक्ष अयूब अली, ठाकुर ओमवीर सिंह रावल, वीरेंद्र सिसोदिया, अनीस अहमद, शबनम खान, मृदुला राय त्यागी, धर्मशिला, सागर अली, विक्रम सिंह, सुकेश भल्ला, जेके तोमर, नवाब सिंह सिसोदिया क्रमिक अनशन पर रहेंगे और आंदोलन को लेकर अपनी विचारधारा प्रस्तुत करेंगे।

## स्वर्गीय कृष्ण मित्र जी की द्वितीय पुण्यतिथि पर हुआ कवि सम्मेलन का आयोजन





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वीर रस के महाकवि कहे जाने वाले स्वर्गीय कृष्ण मित्र जी की द्वितीय पुण्यतिथि पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कविवर कृष्णमित्र चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन की शुरूआत कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी तथा स्वागत अध्यक्ष केपी गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर की।

इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष हिमांशु लव, महामंत्री वेद प्रकाश गर्ग खादी वाले, महासचिव मनु वशिष्ठ ने सभी का आभार व्यक्त किया। कवि सम्मेलन में हास्य रस कवि पदमश्री सुरेन्द्र शर्मा, डॉ विष्णु सक्सैना, प्रवीण शुक्ल, विनीत चौहान, डॉ अर्जुन सिसौदिया, मोहित शौर्य, श्वेता सिंह, प्रियंका राय, अनिल अग्रवंशी, सुदीप भोला ने अपनी अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हिंदी भवन सभागार में आयोजित इस कवि सम्मेलन में समाज के गणमान्य लोग पहुंचे और उन्होंने कवि सम्मेलन का आनंद लिया। इस अवसर पर पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बलदेवराज शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना, रालोद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू, कुनाल त्यागी सहित कई वरिष्ठ एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



## महिला अपराध की विवेचना में लाने के लिए सुधार

# पुलिस लाइन में दिखाई गई स्पेशल फिल्म और खुद शीर्ष अधिकारियों ने संभाली कमान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के दो साल पूरे होने वाले हैं और दो साल पूरे होने से पूर्व रविवार को पुलिस लाइन में महिला अपराध संबंधी विवेचनाओं को ठीक प्रकार से करने और उनकी गुणवत्ता बढ़ाने को लेकर पुलिस के अधिकारियों ने एक कार्यशाला आयोजित की। पुलिस लाइन गाजियाबाद में हुई कार्यशाला में शॉर्ट फिल्म के माध्यम से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले सभी थानों के एसएसआई, पिंक बूथ प्रभारी और महिला कांस्टेबल को महिला अपराध संबंधी विवेचना को लेकर अलर्ट किया गया। इस दौरान ऐसे मुकदमें जो फर्जी नजर आ रहे हैं, उन पर तत्काल कार्रवाई करने के भी अधिकारियों द्वारा निर्देश दिए गए हैं। वहीं दोषियों के खिलाफ भी ठीक रवैया रखने व विवेचना की गुणवत्ता बनाने को कहा गया है।

## अधिकारी बोले फर्जी मुकदमों को लेकर रहें अलर्ट



फाइल फोटो




### महिला अपराध निस्तारण को लेकर भी दिए गए निर्देश

**करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में महिला अपराध को लेकर अधिकारियों का फोकस है। इसीलिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पहले बड़ी संख्या में पिंक बूथ की स्थापना की गई थी। फिर पिंक बूथ पर ही परिवार परामर्श केंद्र शुरू किए गए ताकि महिला अपराध के मामलों में तेज हो और महिलाओं को परेशान ना होना पड़े। तो वहीं अब महिला अपराध संबंधी मामलों की विवेचनाओं को ठीक प्रकार से करने और दोषी और निर्दोष के बीच फर्क रखना संबंधित महत्वपूर्ण बैठक रविवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की पुलिस लाइन में आयोजित की गई थी। जिसमें बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों ने भाग लिया है। बता दें कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अधिकारियों का फोकस है कि महिला संबंधी अपराध के मामले में महिलाओं को समय से न्याय मिले सके। साथ ही वादी और प्रतिवादी को पुलिसकर्मी किसी भी प्रकार से परेशान नहीं करें।

### आरोपियों को भेजा जाए जेल और निदोर्षों के साथ रहे सहानुभूति

**करंट क्राइम ।** टेली फिल्म के माध्यम से पुलिसकर्मियों को इस बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई कि कई मामले ऐसे होते हैं, जिसमें महिला अपराध का सहारा लेकर झूठे मुकदमे और प्रतिवादी को फंसाने का मामला रहता है। ऐसे मामलों में पुलिस ठीक से संज्ञान ले और जो भी पीड़ित और आरोपी साक्ष्य प्रस्तुत करते हैं उसके आधार पर न्यायोचित कार्रवाई की जाए। इस दौरान पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के शीर्ष अधिकारी और सभी एसीपी स्तर के अधिकारी भी मौजूद रहे। वहीं अन्य अधिकारी भी नजर आए।




- क्यों कहा कहने वाले ने कि मतगणना के दौरान जैसे जैसे बढ़ रहा था भगवा कमांडर की जीत का अंतर ? वैसे वैसे उनके दोस्त पहलवान की आवाज भी हो रही थी लाउड ? वो इस अंदाज में खेल रहे थे, जैसे हर बॉल पर सामने वाले को करना चाह रहे हो आउट ? उन्होंने इस मौके पर कह दी सीधी और स्पष्ट बात ? कहा जब पूरे मान से कोई सम्भाल सकता है संगठन की ज़िम्मेदार ? तो मुझको बनाने में नहीं होना चाहिए कोई कष्ट ? ओबीसी फैक्टर में कंसीडर होना चाहिए मेरा नाम ? आखिर हम भी तो उनकी ही तरह महामंत्री है श्रीमान ?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि इतने में ही ठंडे नहीं हो रहे थे पहलवान के अरमान ? काउंटिंग के टाइम पर निकल रहे थे वो सभी रुके हुए दिल के अरमान ? उन्होंने कहा, लगता है जिस तरह जीत मिल रही मेरे दोस्त को भारी ? उड़ हिसाब ये तो करनी चाहिए पार्टी वालों को उनको मंत्री बनाने की तैयारी ? चुनाव के बाद हम सब मिलकर करेंगे गर्ग साहब के बारे में इस संबंध में बात ? हमे पता है वो ही ऐसे एक शख़्स है जो समझते दिल के जज्बात ?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि चुनाव के बाद राजनीति को लेकर बदलने लगे है रेड फेस मैन के दिल के जज्बात ? उन्होंने अपने प्रिय राजीव शर्मा को हाज़िर नजीर मानकर कहा, अब मेरा राजनीति करने का नहीं ज्यादा इरादा है साहब ? ना है मन में संगठन में जाने के जज्बात ? ना ही दिल में नामित बनने के एहसास ? अब पूरी तरह से देना है मुझको परिवार पर ध्यान ? ओके टाटा फिर मिलेंगे का क्यों दे रहे है सभी के प्रिये लाल चेहरे वाले साहिबान ?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि वैश्य महावत को नहीं मिला नीली बिरादरी का वोट? क्या वो नहीं ले सके अपने समाज की भी सपोर्ट? क्या बिगड़ गया है नीले हाथी का सोशल इंजीनियरिंग वाला सिस्टम? अगर ये वोट हाथी को नहीं मिले,साइकिल को नहीं मिले, केतली को नहीं मिले तो फिर कहां गए ये वोट? नीले महावतों ने ही कहा मत निकालो समाज में कोई खोट? लिख कर रख लो भाजपा में नहीं गए हैं ये वोट? ये वोट इसलिए नहीं मिले? क्योंकि ये वोटर्स मतदान वाले दिन घर से ही नहीं निकले?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के दो भगवा पार्षद हैं इन दिनों एक निर्दलीय पार्षद से बहुत परेशान? दोनो भगवा पार्षद के क्षेत्र में जब भी होता है कोई निर्माण? तब निर्दलीय पार्षद कर देते हैं उसकी शिकायत कर इन दोनों को हैरान? सुना है इस अध्याय को रोकने के लिए भगवा अध्याय जा रहे हैं मांगने न्याय? कहने वाले ने कहा कि वो पार्षद हैं अपने दम पर ओर नहीं है वो भगवा? इसलिए बातचीत से ही हो सकता है कोई उपाय?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गद्दी की ताजपोशी के लिए छिड़ गया है दिल्ली टू लखनऊ इंटरनल घमासान? क्या वैश्य फैक्टर के अलावा किसी ओर बिरादरी के नाम पर भी हो रहा है कंसीडर? क्यों उठ रहा इस बात को लेकर ये धुआं? यहां रहेगी इस वाले सीन में उनकी पूरी ओर फुल हैवी वाली दखल? कहने वाले ने कहा कि मेरी इस बात को बिल्कुल भी हल्के में मत लेना? नाम आयेगा उधर से ही आप देख लेना?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या नीले महावतों में लग रही है किसी ढिशुम ढिशुम की आशंका? जिला महावत चाहते हैं पुलिस कर दे उन तीनों के खिलाफ कार्यवाही पार्टी हित में? वो दे आएं हैं पुलिस में एप्लिकेशन? अगर इन तीनों ने दी गाली,की बदतमीजी या हुई हिंसक घटना? तो पुलिस को दर्ज करना पड़ेगा इन्हीं के खिलाफ मुकदमा?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि खुद को नामित पार्षद मान कर चल रहा है कौन सा पदाधिकारी? उसने कर दी है अपने सर्किल में ये घोषणा जारी? खेलने जा रहा हू मैं इस बार नॉमिनेट वाली पारी? लखनऊ वाले भाईसाहब ने ले ली है इस बात की जिम्मेदारी? क्यों कहा फिर कहने वाले ने संभल कर चलो दोस्त? हो न जाएं कोई खेल? ये भगवा गढ़ है यहां लोकसभा से लेकर विधानसभा तक कई गारंटिया हो चुकी है फेल?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि अगर ये बात है सच तो फिर करना होगा रिसर्च? विधानसभा के एक दावेदार ले सकते हैं सक्रिय राजनीति से वीआरएस? वो रख चुके हैं अपने खास के सामने दिल के उदगार? अब वो गाजियाबाद से ज्यादा देंगे दिल्ली में दिखाई? उन्हें पता है कि जब तक उनकी चलेगी तब तक वो इनकी कोई दाल नहीं गलने देंगे? सरकारी कृपा तो भूल जाओ वो संगठन में कोई पद नहीं मिलने देंगे?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या भगवा महिला मोर्चा की सरदारी रहेगी त्यागी मैडम के ही पास? जिन्हें चाहिए मोर्चा में जिम्मेदारी? वो कराएं पहले खुद के एक्टिव होने का अहसास? कहने वाले ने कहा कि चुनाव में पूरी तरह एक्टिव रहने वाली को ही मिलेगा मोर्चा में चांस?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## संपादकीय

# परिवारों का बढ़ता कर्ज

हमारे देश में पारिवारिक कर्ज की मात्रा सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) का 38 प्रतिशत हो चुकी है. यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2023 का है. केयर एज रेटिंग्स की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, आवास कर्ज और असुरक्षित ऋण (पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड उधार आदि) में बढ़ोतरी के कारण परिवारों पर कर्ज का दबाव बढ़ता जा रहा है. हालांकि जीडीपी की तुलना में मौजूदा अनुपात वित्त वर्ष 2021 के 39.2 प्रतिशत से कम है, पर ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका जैसी अनेक उभरती अर्थव्यवस्थाओं से यह अधिक है. हालांकि यह संतोषजनक है कि परिवार आवास के लिए अधिक कर्ज ले रहे हैं और पारिवारिक बचत में भी कमोबेश स्थिरता है, पर व्यक्तिगत कर्ज, क्रेडिट कार्ड आदि के कारण बचत पर प्रभाव पड़ने की आशंका है।

इस वर्ष जून में भारतीय रिजर्व बैंक की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में रेखांकित किया गया था कि कुल पारिवारिक बचत में वित्तीय बचत का अनुपात 2022-23 में 28.5 प्रतिशत था, जो 2013-22 के औसत 39.8 प्रतिशत से बहुत कम है. साल 2013 और 2022 के बीच औसत बचत जीडीपी का 20 प्रतिशत रही थी, पर 2022-23 में यह आंकड़ा घटकर 18.4 प्रतिशत पर आ गया. कोरोना महामारी के बाद उपभोग और निवेश के लिए वित्त हासिल करने के कारण खुदरा कर्ज में बढ़ोतरी हो रही है. कृषि और कारोबारी ऋण में भी बढ़त हो रही है।

रिजर्व बैंक की रिपोर्ट में जीडीपी की तुलना में घरेलू कर्ज की मात्रा 40 प्रतिशत से अधिक दर्ज की गयी थी. अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ भारत की वित्तीय व्यवस्था भी मजबूत है. अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) की मात्रा इस वर्ष मार्च तक 2.8 प्रतिशत के स्तर पर आ गयी, जो 12 वर्षों में सबसे कम है. फिर भी, पारिवारिक बचत में गिरावट और कर्ज में बढ़ोतरी को लेकर रिजर्व बैंक ने बैंकों को सजग रहने की सलाह दी है. बैंक ऑफ बड़ौदा के एक अर्थशास्त्री का आकलन है कि वित्त वर्ष 2024 में नये एनपीए में खुदरा कर्ज चुकाने में विफलता की मात्रा 40 प्रतिशत रही थी, जबकि कुल कर्ज में इन कर्जों का अनुपात 21.3 प्रतिशत ही है। ऐसे में रिजर्व बैंक का चिंतित होना स्वाभाविक है. कुछ वर्षों से मुद्रास्फीति की दर अधिक रहने का दबाव भी बचत पर पड़ा है. अब जब इस दर में गिरावट आयी है, तो यह आशा की जा सकती है कि इसका सकारात्मक असर बचत वृद्धि के रूप में सामने आयेगा. रिजर्व बैंक और अन्य बैंक समय-समय पर अपने ग्राहकों को आगाह करते रहते हैं कि वे व्यक्तिगत कर्ज लेने और क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करने में सावधानी बरतें. भारत में यह सांस्कृतिक समझ हमेशा से रही है कि जितनी बड़ी चादर हो, उतना ही पैर फैलाना चाहिए. खर्च, बचत और कर्ज में संतुलन रखना जरूरी है।

# आईटीआर में विदेशी आय-संपत्ति की सावधानीपूर्वक समीक्षा करने जरूरत



**नई दिल्ली।** सीबीडीटी के आयुक्त (जांच) शशि भूषण शुक्ला ने बताया कि सभी भारतीय निवासियों को अपनी विदेशी परिसंपत्तियों की घोषणा करना आवश्यक है। इसमें अचल संपत्ति, बैंक खाते, शेयर, डिबेंचर, बीमा पॉलिसी या कोई अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां शामिल हो सकती हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने करदाताओं को विदेशी आय और संपत्तियों की सावधानीपूर्वक समीक्षा करने और आईटीआर में सही तरीके से रिपोर्ट करने की सलाह दी है। आयकर विभाग ने 'संवाद' के विशेष संस्करण में जागरुकता संदेश देते हुए आईटीआर में विदेशी आय और परिसंपत्तियों की सही तरीके से रिपोर्टिंग की जरूरत भी बताई। इस दौरान सीबीडीटी के आयुक्त (जांच) शशि भूषण शुक्ला ने बताया कि सभी भारतीय निवासियों को अपनी विदेशी परिसंपत्तियों की घोषणा करना आवश्यक है। इसमें अचल संपत्ति, बैंक खाते, शेयर, डिबेंचर, बीमा पॉलिसी या कोई अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां शामिल हो सकती हैं।

उन्होंने कहा कि आयकर विभाग ने आईटीआर फॉर्म में इसके लिए विवरण भी दिया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह नियम आयकर अधिनियम की धारा 6 के तहत बताये गए निवासी करदाताओं पर विशेष रूप से लागू होता है।

### कौन होते हैं निवासी करदाता?

इस दौरान निवासी करदाताओं को परिभाषित करते हुए शुक्ला बताया कि निवासी करदाता वह व्यक्ति होता है जो पिछले वर्ष के दौरान कम से कम 182 दिनों के लिए भारत में रहा हो या जो पिछले चार वर्षों के दौरान 365 दिनों के लिए भारत में रहा हो। जो करदाता इन मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं, उन्हें या तो गैर-निवासी माना जाता है या सामान्य रूप से निवासी नहीं माना जाता है। उन्हें विदेशी आय और संपत्ति घोषित करने की आवश्यकता नहीं होती है। उन्होंने कहा कि केवल निवासी करदाताओं को ही अपने आईटीआर में अपनी विदेशी आय और संपत्ति की रिपोर्ट करने की आवश्यकता है।

# अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग का बड़ा कदम

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह के संस्थापक और चेयरमैन गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर को अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) की ओर से समन जारी किया है। एसईसी ने उन्हें आकर्षक सौर ऊर्जा अनुबंध हासिल करने के लिए 265 मिलियन डॉलर (2,200 करोड़ रुपये) की रिश्वत देने के आरोप पर अपना रुख स्पष्ट करने के लिए बुलाया गया है।



अदाणी समूह के संस्थापक और चेयरमैन गौतम अदाणी व उनके भतीजे सागर अदाणी को अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) ने समन जारी किया है। एसईसी ने उन्हें आकर्षक सौर ऊर्जा अनुबंध हासिल करने के लिए 265 मिलियन डॉलर (2,200 करोड़ रुपये) की रिश्वत देने के आरोप पर अपना रुख स्पष्ट करने के लिए कहा है। अदाणी के अहमदाबाद स्थित शांतिवन फार्म आवास और उनके भतीजे सागर के उसी शहर स्थित बोदकदेव आवास पर समन भेजकर 21 दिनों के मांगा गया गया है।

### न्यूयॉर्क ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट कोर्ट से 21 नवंबर को भेजा गया नोटिस

न्यूयॉर्क ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की आरे से से 21 नवंबर को भेजे गए नोटिस में कहा गया है, इस समन की आप तक तामील के 21 दिनों के भीतर (जिस दिन आपको यह समन मिला, उसे छोड़कर)...आपको वादी (एसईसी) को संलग्न शिकायत का उत्तर या संघीय सिविल प्रक्रिया नियम 12 के अंतर्गत एक प्रस्ताव तामील कराना होगा।₹ इसमें कहा गया है, ₹यदि आप जवाब देने में विफल रहते हैं, तो शिकायत में मांगी गई राहत के लिए आपके खिलाफ डिफॉल्ट रूप से निर्णय दर्ज किया जाएगा। आपको अपना जवाब या प्रस्ताव भी अदालत में दाखिल करना होगा। 265 मिलियन डॉलर की रिश्वत देने पर कथित रूप से सहमति देने का आरोप

बुधवार को न्यूयॉर्क की एक अदालत में खोले गए अभियोग पत्र के अनुसार, गौतम अदाणी, 62, और उनके भतीजे सागर सहित सात अन्य प्रतिवादियों, जो समूह की अक्षय ऊर्जा इकाई अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड में निदेशक हैं, ने आकर्षक सौर ऊर्जा आपूर्ति अनुबंध हासिल करने के लिए लगभग 2020 से 2024 के बीच भारतीय सरकार के अधिकारियों को लगभग 265 मिलियन डालर की रिश्वत देने पर कथित रूप से सहमति व्यक्त दी, जिससे कंपनी को 20 वर्षों में 2 अरब डॉलर का लाभ मिलने की उम्मीद थी।

# एमएसपी को कानूनी मान्यता देने पर विचार की सिफारिश



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने पिछले दो दशकों में हरियाणा, पंजाब समेत देश में कृषि लागत व कर्ज बढ़ने व उपज उत्पादन घटने पर चिंता जताई है। समिति ने सुप्रीम कोर्ट को सौंपी गई अपनी रिपोर्ट में न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी मान्यता देने और प्रत्यक्ष आय मदद की पेशकश की संभावना पर गंभीरता से विचार करने की सिफारिश की है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने देखी रिपोर्ट शंभू सीमा पर आंदोलनरत किसानों की शिकायतों का समाधान करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश नवाब सिंह के नेतृत्व में 2 सितंबर को उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया था। शीर्ष अदालत ने कहा था कि किसानों के विरोध का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने शुक्रवार को समिति की अंतरिम रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया। 11 पेज की अंतरिम रिपोर्ट में समिति ने कहा कि यह सर्वविदित तथ्य है कि देश में किसान विशेषकर पंजाब और हरियाणा में पिछले दो दशकों से अधिक समय से लगातार बढ़ते कृषि संकट का सामना कर रहा है। हरित क्रांति के प्रारंभिक उच्च लाभ के बाद 1990 के दशक के मध्य से उपज और उत्पादन वृद्धि में स्थिरता संकट की शुरूआत का संकेत है। किसानों और कृषि श्रमिकों पर कर्ज कई गुना बढ़ा समिति ने कहा कि हाल के दशकों में किसानों और कृषि श्रमिकों पर कर्ज कई गुना बढ़ गया है।

# देश में बढ़ रही एग्रीटेक स्टार्टअप की फंडिंग टेक्नोलॉजी गैप को भरने में मिल रही मदद

**नई दिल्ली।** भारत में एग्रीटेक स्टार्टअप की फंडिंग में तेजी से इजाफा हो रहा है और इसमें टेक्नोलॉजी गैप को भी भरने की महत्वपूर्ण क्षमता है। आरबीआई के एक पेपर में बताया गया कि मौजूद समय में देश में 19 एग्रीटेक सूनीकॉर्न और 40 मिनीकॉर्न हैं, जो एआई जैसी उभरती टेक्नोलॉजी को अपना रहे हैं और मॉडल विकसित कर रहे हैं। डी सुगंती, जोबिन सेबेस्टियन और मोनिका सेठी द्वारा तैयार किए गए 'एग्री-टेक स्टार्टअप्स एंड इनोवेशन इन इंडियन एग्रीकल्चर' शीर्षक वाले पेपर में कहा गया कि भारत के एग्री-टेक लैंडस्केप में एक यूनिकॉर्न है, जबकि 19 सूनीकॉर्न (यूनिकॉर्न बनने के करीब) और 40 मिनिकॉर्न हैं। एग्री-टेक स्टार्टअप के एक सर्वेक्षण से पता चलता है कि उन्हें सरकार के फंडिंग समर्थन, अनुसंधान और विकास की पहलों और राज्यों द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट से लाभ हुआ है। भारत के एग्री-टेक इकोसिस्टम में निवेशकों की रुचि भी पहले के मुकाबले रुचि बढ़ी है। 2021 में निवेशक बढ़कर 1.25 अरब डॉलर हो गया था, जो कि 2019 में 370 मिलियन था। 2021 और 2022 में एग्री-टेक सेक्टर में वैश्विक फंडिंग 10.9 अरब डॉलर के शिखर पर पहुंच गई, उसके बाद 2023 में तेजी से घटकर 5.2 अरब डॉलर हो गई। पेपर में कहा गया कि वैश्विक एग्री-टेक



फंडिंग में 43.2 प्रतिशत के साथ अमेरिका पहले स्थान पर है। इसके बाद 14.4 प्रतिशत के साथ चीन, 12 प्रतिशत के साथ चीन और 8.5 प्रतिशत के साथ भारत का एग्रीटेक सेक्टर है। पेपर में जोर देते हुए कहा गया कि यह इनोवेशन को बढ़ावा देने और एग्री-स्टैक विकसित करके एग्री-टेक को मुख्यधारा में लाने की सुविधा के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# डिजिटल पेमेंट में वर्ल्ड लीडर बन रहा भारत, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से फैल रहा यूपीआईः आरबीआई


नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूपीआई नेटवर्क के तेजी से विस्तार के कारण भारत डिजिटल पेमेंट टेक्नोलॉजी में वर्ल्ड लीडर के रूप में उभर रहा है। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक रिपोर्ट में दी गई। यूपीआई के जरिए अक्टूबर में 16.6 अरब लेनदेन हुए हैं। साथ ही इस दौरान इंस्टेंट डेबिट रिवर्सल 86 प्रतिशत रहा है, जो कि पिछले साल की समान अवधि में 77 प्रतिशत था। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने रिपोर्ट में कहा है कि भारत का यूपीआई एक ओपन-एंडेड सिस्टम है। इसमें एक सिंगल एप्लीकेशन के जरिए एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति या फिर व्यक्ति से व्यापारी



के बीच आसानी से लेनदेन किए जा सकते हैं। पात्रा के अनुसार, डिजिटल क्रेडिट परिदृश्य में इनोवेशन जैसे अकाउंट एग्रीगेटर्स, ओसीईएन और ओएनडीसी पर वित्तीय सेवाओं ने भी उत्पादकता बढ़ाने में योगदान दिया है। ओएनडीसी मार्च 2024 तक 720 से ज्यादा शहरों में काम कर रहा है। इसके पास 49.72 मिलियन ऑर्डर हैं। ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम (टीआरईडीएस) एमएसएमई के लगभग 52.2 ट्रिलियन रुपये के अनुमानित क्रेडिट गैप को बैंकों और क्लाइंट्स से जोड़कर पूरा करता है, जिससे फंडिंग लागत में 2.5 प्रतिशत तक की कमी आती है। टीआरईडीएस के माध्यम से फाइनेंस चालानों का मूल्य 23 गुना से अधिक बढ़ गया है। अक्टूबर 2024 तक लगभग 5,000 सक्रिय फिनटेक, एमएसएमई सहित व्यवसायों को विभिन्न वित्तीय और तकनीकी समाधान प्रदान करने में शामिल हैं, जिससे व्यवसायों को अपने संचालन को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने और आपूर्ति श्रृंखला वित्त में सुधार करने में मदद मिलती है। भारत में ग्रामीण आबादी का लगभग 40 प्रतिशत और 20-30 वर्ष आयु वर्ग की कुल आबादी का 78 प्रतिशत लोग इंटरनेट का उपयोग करते हैं, जिनमें से लगभग एक तिहाई परिवार उपभोग्य सामग्रियों और सेवाओं की ऑनलाइन खरीदारी करते हैं। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने कहा कि भारत अपने डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई), एक वाइब्रेंट इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) क्षेत्र और सबसे बड़े एआई प्रतिभा आधारों में से एक सहित बढ़ती युवा आबादी के साथ विकास के नए रास्ते खोलने के लिए अद्वितीय स्थिति में है।

## SPECIAL WISHES

दैनिक करंट क्राइम






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये वेडिंग सीजन केवल उनका ही नहीं है जिनकी शहनाई इस वर्ष बज रही है। ये हर्ष उनके लिए भी है जो कई वर्ष पहले फुल हर्ष के साथ सात फेरो के साथ एक दूसरे का हाथ थाम कर एक दूसरे के हो गए थे। मोनिका मोनी और रुपेश भी 9 वर्ष पहले विवाह के बंधन में बंधे थे। सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा के इस खुशनुमा अहसास को मोनिका मोनी ने अपने परिवार के साथ साझा किया। 9 साल बेमिसाल ओर खुशहाल जीवन की कामना की। सभी ने उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी।

## राशिफल

**मेष:** काम का दबाव बढ़ने से मानसिक परेशानी महसूस करेंगे। किसी भी तरह का निवेश करने से पहले उस व्यक्ति के बारे में पूरी पड़ताल कर लें।

**वृष:** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा। अचानक धन लाभ के अवसर मिलेंगे। कोई खास और अच्छा काम बनने के योग हैं।

**मिथुन:** आज गुस्से में आकर प्यार से जुड़ा कोई भी फैसला न लें। अपने विवेक से सोच समझकर कार्य करते हुए आगे बढ़ें। पैसा खर्च हो सकता है।

**कर्क:** वाहन चलाते समय सावधान रहें, खासकर यदि आप रात के समय यात्रा कर रहे हैं। निवेश से जुड़े अहम फैसलों को किसी और दिन के लिए छोड़ दें।

**सिंह:** आज दिन मिलाजुला रहेगा। मन थोड़ा उदास हो सकता है। आज कोई भी काम जल्दबाजी में करने से बचें। लेन-देन को लेकर किसी से अनबन हो सकती है।

**कन्या:** आज परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। पैसा कमाएगा। अगर आप नई जमीन लेने की सोच रहे हैं तो आज खरीद सकते हैं।

**तुला:** आज आप खूब पैसा कमा सकते हैं लेकिन इसे हाथ से फिसलने न दें. रिश्तेदारों और मित्रों से अचानक उपहार मिलेंगे। काम पर चीजें बेहतर दिखती हैं।

**वृश्चिक:** आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। जीवनसाथी के साथ खुशी के पल बिताएंगे। नए लोगों से जुड़ सकते हैं आत्मविश्वास बढ़ेगा। नया प्रोजेक्ट मिल सकता है।

**धनु:** आज आपकी मुलाकात अपने किसी खास मित्र से हो सकती है। जीवनसाथी के साथ संबंध अच्छे रहने वाले हैं। नई विचारधारा का प्रभाव सामाजिक लाभ देगा।

**मकर:** विनम्र स्वभाव की तारीफ होगी। कई लोग खूब तारीफ कर सकते हैं। घर में विवाद और मतभेद के चलते कुछ तनावपूर्ण पलों का सामना करना पड़ सकता है।

**कुंभ:** आज आपका मनोबल आपको किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता दिलाएगा। माता-पिता के सहयोग से आपके व्यावसायिक क्षेत्र में वृद्धि होगी।

**मीन:** अपना सच्चा प्यार मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन सावधानी से चलाएं। ाफलता मिलेगी। नया काम शुरू करने के लिए यह सबसे अच्छा समय है।

## चुटकुले

पत्रकार- 80 साल की उम्र में भी आप बीवी को डार्लिंग कहते हैं, इस प्यार का राज क्या है?
बूढ़ा व्यक्ति- बेटे 20 साल पहले इनका नाम भूल गया था, पूछने की हिम्मत नहीं हुई, इसलिए डार्लिंग कहता हूं।

---

मन्नू अपने दोस्त को ज्ञान बांट रहा था
अगर परीक्षा में पेपर बहुत कठिन हो तो आंखें बंद करो, गहरी सांस लो और जोर से कहो- ये सब्जेक्ट बहुत मजेदार है, इसलिए अगले साल फिर पढ़ेंगे।

---

राजू- सर मुझे कुछ याद नहीं रहता है।
टीचर- अच्छा बताओ कि क्लास में तुम्हारी पिटाई कब हुई थी?
राजू- सोमवार को।
टीचर- यह कैसे याद रह गया?
राजू- सर प्रैक्टिकल में नहीं, थ्योरी में प्रॉब्लम है।


करंट क्राइम

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

25 11 2024 आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन




राखी सावंत
अभिनेत्री



मोक्षिका शर्मा | चेतन आनंद | आरके मौर्या | संजीव झा



मुकेश पंडित | मनीष तिवारी | विकास कुमार | मौ. आमिर



पवन शर्मा | तारिक हसन | पंकज त्यागी | संजीव कुमार | सौरभ त्यागी | कुलभूषण त्यागी



आकाश गुप्ता | नीरज कुमार | प्रशांत राघव | शारिक खान | विशाल सिंह


सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com



प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)




# जायसवाल और कोहली के शतक 534 के लक्ष्य के सामने ऑस्ट्रेलिया के 12/3

**पर्थ ।** यशस्वी जायसवाल (161) और विराट कोहली (नाबाद 100) के शानदार शतकों से भारत ने रविवार को यहां पर्थ स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन टी ब्रेक के बाद अपनी दूसरी पारी 6 विकेट पर 487 रन पर घोषित कर दी और मेजबान टीम के सामने 534 रन का बेहद मुश्किल लक्ष्य रख दिया जिसका पीछा करते हुए मेजबान टीम ने 4.2 ओवर में 12 रन पर 3 विकेट खो दिए।

भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने इनमें से दो खिलाड़ियों को पवेलियन भेजा। बुमराह ने नैथन मैकस्वीनी को शून्य और मार्नस लाबुशेन को 3 रन पर एलबीडब्ल्यू आउट किया। मोहम्मद सिराज ने नाइटवाचमैन के तौर पर आए ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को 2 रन पर स्लिप में विराट कोहली के हाथों कैच कराया।ऑस्ट्रेलिया को अभी जीत के लिए 522 रन की जरूरत है, जबकि उसके सात विकेट बाकी हैं।

इससे पहले, विराट ने मार्नस लाबुशेन की गेंद पर स्वीप से चौका लगाकर जैसे ही अपना शतक पूरा किया, कप्तान जसप्रीत बुमराह ने पारी घोषित कर दी।

दूसरे छोर पर नीतिश कुमार रेड्डी 27 गेंदों में 38 रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे। विराट ने 143 गेंदों की अपनी शतकीय पारी में 8 चौके और 2 छक्के लगाए। जबकि, नीतिश ने 3 चौके और 2 छक्के जड़े।

विराट ने इस शतक के साथ ही एक बाहरी देश में सर्वाधिक 7 शतक बनाने के सुनील गावस्कर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। उन्होंने इसके अलावा एक देश के खिलाफ 9 शतक बनाने के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली। तेंदुलकर के श्रीलंका के खिलाफ 9 शतक और आस्ट्रेसिया के खिलाफ 11 शतक हैं। गावस्कर के नाम वेस्टइंडीज के खिलाफ 13 शतक बनाने का रिकॉर्ड है। विराट कोहली का यह 30वां शतक है और वह आस्ट्रेलिया के डॉन ब्रैडमैन के 29 शतकों से आगे निकल गए हैं।

भारत ने दो विकेट पर 313 रन की मजबूत स्थिति के बाद 18 गेंदों के अंतराल में आठ रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे , लेकिन विराट ने वाशिंगटन सुंदर के साथ छठे विकेट के लिए 89 रन और नीतिश कुमार रेड्डी के साथ सातवें विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी कर भारत की कुल बढ़त को 500 के पार पहुंचा दिया।

इससे पहले, यशस्वी जायसवाल अपने शनिवार के 90 रन के स्कोर से आगे खेलते हुए 297 गेंदों पर 15 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 161 रन की मैराथन पारी खेलने के बाद आउट हो गए। दूसरे नाबाद बल्लेबाज केएल राहुल ने 77 रन बनाए। भारत ने अपने कल के बिना कोई विकेट खोए 172 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया था।

# सनराइजर्स हैदराबाद ने शमी को 10 करोड़ रुपये में खरीदा पंत-मिलर लखनऊ में शामिल

**जेद्दा ।** भारत के सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को रविवार को जेद्दा के अबादी अल जोहर एरिना में आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद ने 10 करोड़ रुपये में खरीदा।




हैदराबाद, जिसने पहले ऋषभ पंत और अर्शदीप सिंह को खरीदने में दिलचस्पी दिखाई, उसने दूसरे मार्की सेट की पहली पिक में मोहम्मद शमी को अपने साथ जोड़ा। घुटने की सर्जरी के कारण पिछले सीजन में नहीं खेल पाने वाले शमी इससे पहले गुजरात टाइटन्स टीम का हिस्सा थे। उन्होंने हाल ही में इस महीने की शुरूआत में बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की है। उम्मीद है कि वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अंतिम चरण के लिए ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम से जुड़ेंगे।

नीलामी से पहले हैदराबाद ने पैट कमिंस, अभिषेक शर्मा, नीतिश कुमार रेड्डी, हेनरिक क्लासेन और ट्रेविस हेड को रिटेन किया था। दूसरी ओर, लखनऊ सुपर जायंट्स ने दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज डेविड मिलर को 7.5 करोड़ रुपये में खरीदा। इससे पहले, ऋषभ पंत को 27 करोड़ रुपये में लखनऊ से अपने साथ जोड़ा। इस तरह पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए।लखनऊ ने नीलामी से पहले निकोलस पूरन, रवि बिश्नोई, मयंक यादव, मोहसिन खान और आयुष बदौनी को रिटेन किया।

# अर्शदीप सिंह को 18 करोड़ में पंजाब ने आरटीएम से खरीदा

**जेद्दा (सऊदी अरब) ।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को आईपीएल की मेगा नीलामी में पंजाब किंग्स ने आरटीएम के जरिये 18 करोड़ रुपये में खरीद लिया है।

अर्शदीप पर कई फ्रेंचाइजी में जबरदस्त जंग चली लेकिन पंजाब आखिर में आरटीएम का इस्तेमाल कर उसे अपने पास बरकरार रखने में सफल रही। चेन्नई सुपर किंग्स ने पहला दांव खेला है, दिल्ली ने 2.20 का दांव लगाया और अब चेन्नई और दिल्ली के बीच जंग चल रही है।

7.50 करोड़ पर चेन्नई ने दांव छोड़ दिया। और अब गुजरात टाइटंस भी दौड़ में आ गई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु भी दौड़ में आ गई है। चेन्नई और दिल्ली फि लहाल रेस से बाहर हो गई है। राजस्थान




रॉयल्स भी दौड़ में आ गई है।

अर्शदीप पर अब 12 करोड़ से अधिक का दांव। गुजरात और राजस्थान में जंग जारी। सनराइजर्स हैदराबाद भी रेस में शामिल अब। 13 करोड़ से अधिक पर लगा अर्शदीप पर दांव।

राजस्थान और हैदराबाद में जंग चल रही है। अर्शदीप के हिस्से में कम से कम 15 करोड़ आ गए हैं अब। पंजाब किंग्स ने 15.75 करोड़ की राशि पर आरटीएम का उपयोग किया है।

हैदराबाद ने 18 करोड़ की राशि की बोली लगाई है और पंजाब ने 18 करोड़ में अर्शदीप सिंह को खरीद लिया है।

दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को 10.75 करोड़ रुपये में गुजरात टाइटंस ने खरीदा है। पंजाब ने इस बार आईटीएम का उपयोग नहीं किया।

# जोस बटलर को गुजरात टाइटंस ने खरीदा दिल्ली ने मिचेल स्टार्क पर खर्च किए 11.75 करोड़

**जेद्दा ।** गुजरात टाइटन्स ने रविवार को जेद्दा के अबादी अल जोहर एरिना में आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान जोस बटलर को 15.75 करोड़ रुपये में खरीदा है।

जोस बटलर को राजस्थान रॉयल्स ने रिलीज कर दिया था, लेकिन पंजाब किंग्स और गुजरात ने भी उन्हें खरीदने में दिलचस्पी दिखाई और गुजरात ने 15.75 करोड़ रुपये में उन्हें अपने साथ जोड़ा। विकेटकीपर-बल्लेबाज को 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस के साथ मार्की लिस्ट के पहले सेट में रखा गया था।

पिछले सीजन में बटलर ने दो शतकों सहित 359 रन बनाए थे। वह रॉयल्स द्वारा रिटेन किए गए खिलाड़ियों



का हिस्सा नहीं थे। दूसरी ओर, पिछली नीलामी में आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे 24.75 करोड़ रुपये में बिके मिचेल स्टार्क को दिल्ली कैपिटल्स ने 11.75 करोड़ रुपये में खरीदा। पिछले सीजन में 15 मैचों में 17 विकेट लेने के बाद स्टार्क को खिताब विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स ने रिलीज कर दिया था।

इससे पहले गुजरात टाइटन्स ने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को 10.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। पिछले सीजन में वे पंजाब किंग्स के लिए खेले थे।

**जोस बटलर को राजस्थान रॉयल्स ने रिलीज कर दिया था, लेकिन पंजाब किंग्स और गुजरात ने भी उन्हें खरीदने में दिलचस्पी दिखाई और गुजरात ने 15.75 करोड़ रुपये में उन्हें अपने साथ जोड़ा। विकेटकीपर-बल्लेबाज को 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस के साथ मार्की लिस्ट के पहले सेट में रखा गया था।**

# पंजाब किंग्स को पावरहाउस में से एक बनाना है लक्ष्य : मुख्य कोच रिकी पोंटिंग

**जेद्दा (सऊदी अरब) ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की मेगा नीलामी से पहले, पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि उनका लक्ष्य 10 टीमों के टूनार्मेंट में फ्रेंचाइजी को पावरहाउस में से एक बनाना है। पंजाब किंग्स ने विकेटकीपर-ओपनर प्रभसिमरन सिंह और मध्यक्रम के बल्लेबाज शशांक सिंह की अनकैप्ड जोड़ी को बरकरार रखा है। वे 110.5 करोड़ रुपये के पर्स के साथ नीलामी में उतरते हैं, जो सभी दस आईपीएल टीमों में सबसे बड़ा है।



दो बार के वनडे विश्व कप विजेता कप्तान पोंटिंग ने ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स से कहा,हमैं कुछ सफल टीमों के साथ रहने के लिए भाग्यशाली रहा हूं। इसलिए कुछ वर्षों तक मुम्बई और फिर दिल्ली,जहां हमने वहां प्लेऑफ में जगह बनाने का अच्छा प्रदर्शन किया। और मुझे पंजाब किंग्स लाइनअप में कुछ युवा खिलाड़ियों का लुक पसंद आया। पोंटिंग ने कहा,ऱतो यह वास्तव में मुख्य आकर्षण था, लेकिन मुख्य रूप से, यह था, बहुत हद तक शून्य से शुरू करने में सक्षम होना। इसका उद्देश्य फ्रेंचाइजी को आईपीएल के पावरहाउस में से एक बनाना और इसे वास्तव में गतिशील, मजेदार माहौल बनाना है ।

# श्रेयस अय्यर को 26.75 करोड़ में पंजाब ने खरीदा

**जेद्दा (सऊदी अरब) ।** अपनी कप्तानी में कोलकाता नाईट राइडर्स को आईपीएल 2024 में चैंपियन बनाने वाले श्रेयस अय्यर को पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में रविवार को 26.75 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कीमत पर खरीद लिया है।

अय्यर पर पहला दांव कोलकाता नाइट राइडर्स ने खेला जिसके बाद पंजाब और कोलकाता में जंग शुरू हो गयी। 7 करोड़ के बाद दिल्ली कैपिटल्स भी रेस में आ गई। अय्यर पहले दिल्ली कैपिटल्स का ही हिस्सा थे। दिल्ली और कोलकाता दोनों को कप्तान की दरकार है।

अब दांव 12 करोड़ से आगे चला गया है और कोलकाता रेस से बाहर हो गई है। दिल्ली और पंजाब में भिड़ंत चल रही है। दिल्ली ने 13 करोड़ का दांव खेला है अय्यर पर।

पंजाब और दिल्ली में जंग




चल रही है अय्यर को लेकर और अब यह रेस 15 करोड़ के दांव तक पहुंच गई है। और अब यह दांव 17 करोड़ के ऊपर पहुंच गया है। दिल्ली आगे है अब 19 करोड़ के दांव के साथ।

दिल्ली और पंजाब के बीच जंग अब 21 करोड़ तक पहुंच गयी है। दिल्ली ने 23 करोड़ का दांव खेल दिया है। और अब दिल्ली 24 करोड़ पर। लेकिन पंजाब ने 24.25 करोड़ का दांव खेल दिया है। और अब अय्यर आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हो गए हैं, दिल्ली ने 25 करोड़ का दांव खेला है। 26 करोड़ का दांव खेला है दिल्ली कैपिटल्स ने। थोड़ी देर के सोच विचार के बाद दिल्ली ने अय्यर पर 26.50 करोड़ का दांव लगाया है। पंजाब ने 26.75 करोड़ की रिकॉर्ड कीमत लगाकर अय्यर को खरीद लिया।

# कई मायनों में खास रहा विराट कोहली का 30वां टेस्ट शतक

**पर्थ ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज विराट कोहली ने खराब फॉर्म से उभरते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार शतक लगाया। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में रन नहीं बना पाए विराट कोहली ने पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में शानदार वापसी की और 143 गेंदों पर नाबाद 100 रनों की पारी खेली। वाले बल्लेबाज भी बन गए।

यह शतक कोहली के परिवार की मौजूदगी के बीच खास रहा। स्टेडियम में उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा भी मौजूद थीं। कोहली ने शतक लगाकर पत्नी की ओर फ्लाइंग किस किया। कोहली ने कहा कि मेरी तमाम उतार-चढ़ाव भरी यात्राओं में अनुष्का शर्मा साथ रही हैं। वह यहां पर हैं और इस वजह ने शतक को और भी खास



यह टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली का 30वां शतक है। टॉप ऑर्डर पर यशस्वी जायसवाल की 161 रनों के बाद कोहली की पारी के चलते भारत ने 6 विकेट पर 487 रनों का स्कोर बनाया और ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 534 रनों का पहाड़ सरीखा टारगेट दिया।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विराट कोहली का रिकॉर्ड आमतौर पर शानदार रहता है। उनको सीरीज शुरू होने से पहले ही कंगारूओं के लिए एक बड़ा खतरा माना जा रहा था। हालांकि पर्थ में पहली पारी में सस्ते में आउट होने के बाद कोहली की फॉर्म पर फिर से सवाल खड़े हुए थे जिसका जवाब उन्होंने एक बार फिर अपने बल्ले से दिया है।

इसके साथ ही कोहली ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने बना दिया है।

इसके साथ ही यह विराट कोहली के करियर का कुल मिलाकर 81वां अंतर्राष्ट्रीय शतक था। मौजूदा सक्रिय खिलाड़ियों में विराट इस मामले में टॉप पर हैं। उनके बाद दूसरे स्थान पर मौजूद जो रूट के नाम 51 शतक हैं। यह अंतर बताता है कि विराट कोहली इस मामले में अपने समकालीन खिलाड़ियों से मीलों आगे हैं।

हालांकि जो रूट 35 टेस्ट शतकों के साथ विराट कोहली से आगे निकल जाते हैं। टेस्ट शतकों के मामले में विराट स्टीव स्मिथ (32) और केन विलियमसन (32) से भी थोड़ा पीछे हैं। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा बॉर्डर गावस्कर सीरीज कोहली के लिए एक सुनहरा मौका है जहां इस बार पांच टेस्ट मैच खेले जाने हैं।



# पंत बने सबसे महंगे खिलाड़ी 27 करोड़ में लखनऊ ने खरीदा

**जेद्दा ।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए है। पंत को 27 करोड़ की रिकॉर्डतोड़ कीमत पर लखनऊ सुपरजायंट्स ने खरीदा है। पंत ने श्रेयस अय्यर का रिकॉर्ड तोडा जिन्हें कुछ देर पहले पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा था।

दिल्ली कैपिटल्स ने पंत को नीलामी से पहले रिलीज कर दिया था जिसके कारण उन्हें नीलामी में उतरना पड़ा। लखनऊ ने ऋषभ पंत पर पहला दांव खेला और फि लहाल यह दांव 6 करोड़ से ऊपर पहुंच गया है और लखनऊ और बेंगलुरु के बीच पंत के लिए जंग चल रही है।

अब बेंगलुरु और लखनऊ की यह जंग 9 करोड़ के ऊपर पहुंच गई है। 11.35 करोड़ का दांव खेला है अब लखनऊ ने। और अब हैदराबाद भी इस जंग में शामिल हो गई है।

लखनऊ और हैदराबाद के बीच यह भिड़ंत अब 18 करोड़ से ऊपर पहुंच गई है। 19.25 करोड़ के दांव के साथ अब पंत के लिए लखनऊ आगे। हैदराबाद की टीम अब सोच विचार कर रही है बोली को लेकर। 20 करोड़ का दांव खेल दिया है हैदराबाद ने। लेकिन लखनऊ एक्सप्रेस रुकने का नाम नहीं ले रही है। और 20.75 करोड़ पर हैदराबाद रेस से बाहर हो गई है। दिल्ली ने आरटीएम का इस्तेमाल किया लेकिन लखनऊ ने पंत पर अंतिम दांव 27 करोड़ का खेला है और दिल्ली के हटने के साथ ही अब पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए।

**विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए है। पंत को 27 करोड़ की रिकॉर्डतोड़ कीमत पर लखनऊ सुपरजायंट्स ने खरीदा है।**

# जॉर्डन कॉक्स अंगूठे में चोट के कारण न्यूजीलैंड में इंग्लैंड की टेस्ट सीरीज से बाहर

**नई दिल्ली ।** विकेटकीपर-बल्लेबाज जॉर्डन कॉक्स अंगूठे में चोट के कारण न्यूजीलैंड में इंग्लैंड की आगामी टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं, साथ ही टीम ने कहा कि उनके प्रतिस्थापन की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। कॉक्स, जिन्होंने पहले इंग्लैंड के लिए वनडे और टी20 मैच खेले हैं, अगले सप्ताह क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में सीरीज के पहले मैच में जेमी स्मिथ की जगह टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले थे, जो पितृत्व अवकाश पर हैं।

लेकिन सर जॉन डेविस ओवल में न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ दो दिवसीय दौरे के मैच के दूसरे दिन खेलने से पहले स्पिन-गेंदबाजी कोच जीतन पटेल से थ्रोडाउन का सामना करते समय इंग्लैंड के नेट सत्र में उनके दाहिने अंगूठे में चोट लग गई।

हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम ने एक बयान में कहा, ऱमैं जॉर्डन (कॉक्स) के लिए दुखी हूं। न्यूजीलैंड आने के बाद से ही वह बल्ले और दस्ताने दोनों से अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। यही खेल



है और दुर्भाग्य से ऐसी चीजें होती रहती हैं। हम उसके साथ रहेंगे और उसकी देखभाल करेंगे। वह लचीला है और भविष्य में कभी न कभी उसका समय आएगा।"

कॉक्स की अनुपस्थिति में, इंग्लैंड के उप-कप्तान ओली पोप ने अभ्यास मैच के अंतिम दिन विकेटकीपर की भूमिका निभाई और अगर प्रतिस्थापन खिलाड़ी पहले टेस्ट के लिए समय पर नहीं आता है तो वह विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं। पोप इससे पहले तीन बार टेस्ट में इंग्लैंड के लिए विकेटकीपर रह चुके हैं ।

## न्यूज डायरी

### भाजपाईयों ने जीत पर मिठाई बाँटकर किया खुशी का इजहार



**मोदीनगर करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी गठबंधन के महाराष्ट्र व प्रदेश में हुये 9 सीटों के उपचुनावों में सात सीटों पर भाजपा के प्रचंड बहुमत मिलने व उपचुनाव में गाजियाबाद सीट से संजीव शर्मा की शानदार जीत हासिल होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने यहाँ खुशी का इजहार करते हुये मिठाई बांटी।
भाजपा के सह मीडिया प्रभारी व व्यापारी नेता प्रदीप बोस के कार्यालय पर कार्यकर्ता एकत्र हुए। भाजयुमो के नगर अध्यक्ष मयंक शर्मा उर्फ चीकू व मनीष अग्रवाल उर्फ लाला के नेतृत्व में कार्यकताओं ने नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, योगी आदित्यनाथ जिंदाबाद के नारे लगायें। उसके बाद पार्टी कार्यकताओं ने लड्डू बांटकर भाजपा की जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मयंक शर्मा, अमित गर्ग, देवेन्द्र शिशौदिया, मनीष अग्रवाल, संजय शर्मा उर्फ पिण्डी, उमंग गर्ग, शशिकांत शर्मा, रामअवतार ठाकुर आदि मौजूद रहें।

### कातिलाना हमले का आरोपी गिरफ्तार

**लोनी करंट क्राइम।** पुलिस ने कातिलाना हमले के आरोपी निन्हे उर्फ विकास को छुरी के साथ गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर लोनी बार्डर थाने की पंचवटी कॉलोनी में अमित की पीठ में छुरी घोंपकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

### गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**लोनी करंट क्राइम।** पूलिस ने निठोरा अंडर पास से 1.150 किलो गांजे के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपना नाम वसीम बताया है तथा पास की अमन गार्डन कॉलोनी का रहने वाला है। वह दूसरे राज्यों से सस्ती दर पर गांजा खरीदकर कर लाता था तथा नशेडियो को मुंह मांगी कीमत पर बेच देता था।

### बाइक को लेकर युवक के साथ मारपीट की



**लोनी करंट क्राइम।** बाइक के कागजात ट्रांसफर करने को लेकर दबंगों ने युवक के साथ लाठी डंडों से मारपीट की। पीडित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है। ट्रॉनिका सिटी थाने की खुशहाल पार्क कॉलोनी निवासी सलमान कुरेशी का आरोप है कि कॉलोनी के ही दानिश ने उसे अपने रिश्तेदार की आईडी पर बाइक खरीदकर दी थी, लेकिन उसके कागजात अभी तक दानिश के रिश्तेदार के नाम पर ही थे। आरोप ह 21 नवंबर को इसी को लेकर वह दानिश से बात कर रहा था। इसी दौरान दानिश के भतीजे बिलाल और शानू ने उसके ऊपर पीछे से हमला कर उसे लाठी डंडों से घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

### तीन पर गैंगस्टर की कार्रवाही




**मोदीनगर करंट क्राइम।** जमीन के फर्जी कागजात तैयार कर जालसाजी कर भूमि बेचने के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाही की है। इसके अलावा लूट व चोरी की वारदातो में जेल गये एक युवक को भी गैंगस्टर एक्ट में निरूद्ध किया गया हैं। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि भोजपुर थानान्तर्गत गांव त्योड़ी-13 बिस्वा निवासी आकिब व आले दो अभियुक्तों पर पुलिस कमिश्नर की ओर से गैंगस्टर एक्ट लगाया गया हैं। इन दोनों अभियुक्तों ने जमीन के असली मालिक का नाम छिपाकर हेराफेरी कर खेती की जमीन बेच दी। जिसमें दोनों अभियुक्त जेल भेजे गये थे। इसके अलावा निवाडी क्षेत्र में आधा दर्जन चोरी व लूट की वारदातो में शामिल रहा मेरठ के थाना मुंडाली के गांव मुरलीपुर फुल निवासी इन्दर उर्फ इन्द्रजीत के खिलाफ भी गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की गयी हैं। तीनो अभियुक्तों को गैंगस्टर में निरूद्ध कर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं।

### फायरिंग व पथराव मामले में फरार अभियुक्त को भेजा जेल




**मोदीनगर करंट क्राइम।** दीपावली पर्व पर पटाखे बजाये जाने को लेकर प्रधान व दूसरें पक्ष के बीच हुई जमकर फायरिंग व पथराव मामले में फरार एक ओर अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। पुलिस ने इसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 315बोर का तमंचा भी बरामद किया है। गौरतलब हो कि गत 31अक्टूबर की रात्रि गांव पैंगा के प्रधान उपदेश व पडोसी सुरेंद्र के बीच पटाखे बजाने को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के चलते फिल्मी स्टाईल में प्रधान ने कई राउंड फायरिंग की थी ओर पडोसी ने ईट पथराव किया था। पुलिस ने इस घटना में शमिल प्रधान उपदेश, सुरेंद्र, जितेंद्र व सुनील सहित आधा दर्जन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। गोलीकांड में शामिल रहा मुख्य आरोपी जितेंद्र फरार चल रहा था। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि फरार जितेंद्र को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया ओर उसके कब्जे से एक 315बोर का तमंचा व कारतूस बरामद किया है।




## किस टू-स्टार को नहीं पता साहब का बैच

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में बड़ी संख्या में टू-स्टार हैं लेकिन कुछ टू-स्टार ऐसे हैं जो पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के प्रमुख अधिकारियों के पब्लिक रिलेशन ऑफिसर की भूमिका निभा रहे हैं। बीते दिनों नदिया पार का एक बड़ा मामला हुआ, उस मामले की ऑडियो खुद पुलिस के अधिकारियों द्वारा जारी की गई है। वहीं इस ऑडियो की जानकारी बता रही है की कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में एक खास अधिकारी के पब्लिक रिलेशन ऑफिसर को यह नहीं पता कि बड़े साहब किस बैच के अधिकारी हैं। वैसे तो पुलिस के पब्लिक रिलेशन ऑफिसर कहीं से खोज कर नहीं ले जाते लेकिन यह माना जाता है कि जिन लोगों को इस जिम्मेदारी वाले स्थान पर भेजा जा रहा है, वह अन्य लोगों से अधिक जानकारी, अधिक संपर्क रखने वाले और उनकी वर्किंग स्टाइल कुछ अलग होगी। तभी उनको इतनी खास जगह अटैक किया जाता है। सुनने में आ रहा है कि बीते दिनों आई एक ऑडियो बता रही है कि एक पब्लिक रिलेशन ऑफिसर को कमिश्नरेट के साहब का बैच तक नहीं पता है। अब यह मामला वह ठीक से बता नहीं पाए या मामला कुछ और था यह तो वह बेहतर बताएंगे, पर जिस तरीके से फर्जी वाले आईपीएस अधिकारी ने भौकाल वाला स्वैग जमाया था, उसमें कहीं ना कहीं टू-स्टार भी फेल हो गए बताए जाते हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से वर्तमान में तीनों ही डीसीपी साहब लोगों के पब्लिक रिलेशन ऑफिसर हैं, वह एक ही बैच के हैं। सिटी वालों के यहां की कमान बेहतर वर्किंग और अच्छे संपर्क वाले टू-स्टार पर है। तो देहात में वह फेस इस जिम्मेदारी को संभाल रहे हैं जो हथियारों की अच्छी जानकारी और निशाने के मामले में एक कप्तान द्वारा चौकी के जिम्मेदारी पर भेजे गए थे लेकिन जिस तरीके से नदिया पार वालों को आई है ऑडियो वायरल हुआ है, उससे कहीं ना कहीं उनकी स्थिति पर थोड़ा ध्यान कई लोगों का गया है। कुल मिला मामला चाहे जो भी हो लेकिन वर्तमान में 2015 बैच वालों का जलवा पब्लिक रिलेशन ऑफिसर वाली पोस्ट पर भी जमकर नजर आता है कई अधिकारियों से लेकर कहीं खास अधिकारियों के यहां इसी बच के 2 स्टार कैब्बेज हैं। कुल मिलाकर बात चाहे जो भी रही हो लेकिन यह मामला इन दिनों कुछ अधिकारियों की टेबल पर चर्चा का विषय बना हुआ है।



## बिना लाइसेंस चल रहे पांच नशा मुक्ति केंद्र पकड़े

# अंधेरे और गंदगी में रखे गए थे मरीज, 87 केंद्रों को पिछले साल दिए थे नोटिस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में नशा मुक्ति केंद्र के नाम पर खूब गड़बड़ हो रही है। हर गली मोहल्ले में नशा मुक्ति केंद्र खुल गए हैं, जहां न कोई प्रशिक्षित डॉक्टर होता है, न पैरामेडिकल स्टाफ। इतना ही नहीं कई नशा मुक्ति केंद्र तो लाईसेंस के बिना ही संचालित किए जा रहे हैं। यह खुलासा मानसिक रोग प्रकोष्ठ के नोडल और जिला सर्विलांस अधिकारी डा. आरके गुप्ता के औचक निरीक्षण के बाद हुआ। उन्होंने पांच ऐसे नशा मुक्ति केंद्र पकड़े हैं जिनके पास लाईसेंस भी नहीं था। इन केंद्रों में मरीजों को अंधेरे और गंदगी में रखा गया था।डॉक्टर छोड़िए कोई मेडिकल स्टाफ भी इन केंदों पर नहीं मिला।




### गंदगी में भूसे की तरह भरे हुए मिले मरीज

मानसिक रोग प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान इन पांचों केंद्रों में गंदगी और मरीजों की भीड़ देखने को मिली। अंधेरे और गंदगी वाले कमरों में मरीजों के पास बिस्तर तक नहीं थे। शौचालय भी बहुत ज्यादा गंदे मिले। मरीजों को अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में कमरों में भूसे की तरह भर दिया गया था। कमरों में रोशनी तक नहीं थी। इन केंद्रों पर कोई चिकित्सक या पैरामेडिकल स्टाफ भी नहीं रखा गया था। डीएसओ ने बताया स्वास्थ्य विभाग ने केंद्रों को चेतावनी दी है और नोटिस जारी किए हैं। संतोषजनक जवाब न मिलने पर इन केंद्रों को बंद कराया जाएगा।

### इन पांच केंद्रों के खिलाफ हुई कार्रवाई



मानसिक रोग प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डा. आरके गुप्ता ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पकड़े गए नशा मुक्ति केंद्रों में माया नशा मुक्ति केंद्र, न्यू गॉडग्रेस फाउंडेशन ट्रस्ट, मन्नत फाउंडेशन, सेव लाइफ फाउंडेशन और एकांतर फाउंडेशन शामिल हैं।
निरीक्षण के दौरान इन सभी केंद्रों पर मानसिक स्वास्थ्य स्थापना अधिनियम, 2017 के नियमों का उल्लंघन होते पाया गया है। इनके पास कोई लाईसेंस या पंजीकरण भी नहीं मिला है।

### पिछले साल 87 केंद्रों को दिया था नोटिस

पिछले साल गाजियााबाद जनपद में इसी तरह 87 नशा मुक्ति केंद्रों को नोटिस दिया गया था। उक्त सभी केंद्रों के पास न तो राज्य मानसिक रोग प्रकोष्ठ, लखनऊ से प्राप्त लाईसेंस मिला था और न ही कोई पंजीकरण। 26 अक्टूबर, 2023 में इन सभी केंद्रों को नोटिस जारी कर कहा गया था कि अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में रखे गए मरीजों को डिस्चार्ज कर केंद्रों को तत्काल बंद किया जाए, लेकिन उसके बाद विभाग फिर चेन की नींद सो गया। अब फिर पांच केंद्रों को नोटिस जारी किए गए हैं, देखना है कि इस बार केंद्रों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होती है या विभाग फिर एक साल के लिए नोटिस रद्दी की टोकरी में डाल देगा।

## रैन बसेरा की व्यवस्थाओं का अधिकारियों ने लिया जायजा

**सभी रैन बसेरों को सक्रिय करने के साथ-साथ वहां साफ-सुथरे रजाई, गद्दे, गर्म पानी और अलाव जैसी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।**



**मोदीनगर करंट क्राइम।** एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार सचिन व राजस्व निरीक्षको ने नगर पालिका व नगर पंचायत निवाड़ी, पतला व फरीदनगर में संचालित रैन बसेरे का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार सचिन ने रैन बसेरे के बाहर एक सूचना बोर्ड लगाने का निर्देश दिया, जिसमें यह जानकारी दी जाए कि रैन बसेरे में शीत ऋतु से बचाव के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं मुफ्त में उपलब्ध हैं। इसके अलावा नायब तहसीलदार सचिन ने रैन बसेरे का प्रचार-प्रसार करने के लिए भी दिशा-निर्देश दिए, ताकि आम जनता को इसकी जानकारी मिल सके और वे खुले आसमान के बजाय रैन बसेरे का लाभ उठा सकें। ठंड को देखते हुए, उन्होंने सभी रैन बसेरों को सक्रिय करने के साथ-साथ वहां साफ-सुथरे रजाई, गद्दे, गर्म पानी और अलाव जैसी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान राजस्व निरीक्षक चिंरजीलाल व मुकेश गोस्वामी आदि मौजूद रहें।

## नोएडा में साइबर अपराधी एक्टिव : महिला को डिजिटल अरेस्ट कर ऐंठे 34 लाख रुपये, वीडियो कॉल पर डराया धमकाया गया

**नोएडा :** नोएडा में साइबर अपराधी लोगों को लगातार डिजिटल अरेस्ट कर उनसे लाखों और करोड़ों रुपये ऐंठ रहे हैं। इस बार साइबर अपराधियों ने एक महिला डिजिटल अरेस्ट कर उनसे 34 लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोपियों ने जेल भेजने की धमकी देकर पीड़िता को डराया धमकाया और पैसा ऐंठ लिया। पीड़िता की शिकायत पर करीब चार महीने बाद साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।



### एफआईआर कॉपी भेजकर धमकाया

नोएडा के सेक्टर-41 निवासी निधि पालीवाल ने पुलिस को बताया कि 8 अगस्त की सुबह 10 बजे उनके पास एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि उनके नाम से एक पार्सल मुंबई से ईरान जा रहा है। इसमें आपत्तिजनक सामान होने के कारण कस्टम विभाग के अधिकारियों ने पार्सल को रोक लिया है। पार्सल में पांच पासपोर्ट, दो डेबिट कार्ड, दो लैपटॉप, 900 अमेरिकी डॉलर और 200 ग्राम नशीला पदार्थ है। पार्सल भेजने वाले ने पहचान पत्र के तौर पर निधि पालीवाल के नाम से आधार कार्ड लगाया है। पीड़िता ने कॉल करने वाले को बताया कि उन्होंने कोई पार्सल ईरान नहीं भेजा। इसके बाद जालसाजों ने कहा कि उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। इसके बाद आरोपियों ने व्हाट्सएप के जरिए एक एफआईआर की कॉपी भेजी।

पीड़िता ने बताया कि कॉल नारकोटिक्स विभाग को ट्रांसफर कर दी गई। इसके बाद जालसाजों ने कॉल को मुंबई साइबर सेल को ट्रांसफर कर दिया।

आरोपियों ने स्काइप एप के जरिए वीडियो कॉल पर बात करना शुरू कर दिया। साथ ही चेतावनी दी कि जांच पूरी होने तक वह वीडियो कॉल पर ही रहें और किसी को इस बारे में न बताएं। वीडियो कॉल में सिर्फ निधि पालीवाल की फोटो आ रही थी। कॉल करने वाले ने अपना कैमरा बंद कर रखा था। आरोपियों ने धमकी दी कि अगर वह जांच में सहयोग नहीं करेगी तो उसे जेल भेज दिया जाएगा। आरोपियों ने पीड़िता के बैंक खातों की जानकारी मांगी और कुछ दस्तावेज भी हासिल कर लिए। आरोपियों ने धमकी दी कि उनके बैंक खाते में अवैध तरीके से 19 लाख 92 हजार रुपये आए हैं।

## वोटर कार्ड बनाने के लिये मतदान केंद्रों पर चला अभियान




**मोदीनगर करंट क्राइम।** अगर आप 18 साल के हो गए हैं, लेकिन आपका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है और आप मतदाता पहचान पत्र से भी वंचित हैं, तो आपको अब परेशान होने की जरूरत नहीं है. अब आपकी समस्या का समाधान आपके बूथ पर ही होगा, जहां आपका नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा और आपको बारकोड युक्त मतदाता पहचान पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा। इस प्रकिया के तहत मोदीनगर तहसील के सभी मतदान केंद्रो पर शनिवार व रविवार को शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान मतदाता पहचान पत्र में आई त्रुटियो से लेकर नये फार्म भरवाने के लिये मतदाताओं का पंजीकरण किया गया। बताया गया कि इनमें से कई मतदाता ऐसे हैं जिनका नाम 18 वर्ष की उम्र पूरी करने के बाद भी मतदाता सूची में शामिल नहीं हुआ है और न ही उनका पहचान पत्र जारी किया गया है।

ऐसे मतदाताओं को इस पुनर्निरीक्षण कार्यक्रम के तहत जोड़ा जाएगा और उन्हें बारकोड युक्त पहचान पत्र भी जारी किया जाएगा। रूकमणी मोदी इंटर कालेज, महर्षि दयानंद इंटर कालेज, मोदी सांइस एंड कार्मस इंटर कालेज, प्रमिला देवी जू0हा0स्कूल सहित दर्जनों मतदान केंद्रो पर वोटर आईडी कार्ड बनाने के लिये बीएलओं तैनात रहें।

## प्रजापति विचार मंच द्वारा समाज हित में वैचारिक गोष्ठी का आयोजन



**मोदीनगर करंट क्राइम।** प्रजापति विचार मंच द्वारा वैचारिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लेकर प्रजापति समाज के उत्थान और कल्याण को लेकर अपने विचार व्यक्त किये। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुये राजेंद्र प्रजापति ने कहा कि आज प्रजापति समाज हाशिये पर पड़ा हुआ है, क्योंकि राजनीतिक दलों द्वारा निरंतर प्रजापति समाज की अनदेखी की जा रही है। जिसके चलते हमारे समाज के युवाओं का भविष्य अंधकार की ओर अग्रसर है।

राजेंद्र प्रजापति ने कहा कि इसका मुख्य कारण है कि हमारा समाज राजनीति में भागीदारी निभाने की बजाय मात्र वोट बैंक के रूप में अपनी भूमिका निभाता चला आ रहा है। बैठक में जनपद बुलंदशहर से पधारे डीएसपी अधिकार दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतराम प्रजापति ने कहा कि वे राजेंद्र प्रजापति की बात का समर्थन करते हैं, और प्रजापति समाज के हर सक्षम व्यक्ति और युवाओं से आह्वान करते हैं कि किसी न किसी रूप में राजनीति में भागीदारी अवश्य निभाएं। ताकि समाज के लोग मंत्री सांसद विधायक बनकर समाज के कल्याण में अपना योगदान दे सकें। प्रजापति महासभा के राष्ट्रीय महासचिव नरेंद्र प्रजापति ने कहा कि हमारे समाज के सभी गणमान्य व्यक्ति पिछले काफी समय से अनुसूचित जातियों की सूची में प्रजापति समाज को शामिल करने की मांग करते चले आ रहे हैं।

## उत्तराखंड से 22 साल से फरार 10 हजार के इनामी बदमाश से दो राज्यों की पुलिस की हुई मुठभेड़





**हापुड़ करंट क्राइम।** थाना सिंभावली पुलिस और उत्तराखंड पुलिस टीम की चेकिंग के दौरान बदमाश से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान मुठभेड़ में एक शातिर बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। आरोपी कई अपराधिक मामलों में उत्तराखंड से 22 सालों से वांछित चल रहा था।

डीएसपी वरुण मिश्रा ने बताया नवादा नहर पुल पर मुखबिर की सूचना पर उत्तराखंड से पिछले कई वर्षो से फरार चल रहे बदमाश के लिए पुलिस चेकिंग कर रही थी तभी एक बाइक पर संदिग्ध व्यक्ति आता नजर आया। जिसको पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो आरोपी वहां से भागने लगा। इस दौरान बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जिसमें पुलिस टीम बाल-बाल बच गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लग गई, जो घायल होकर गीर पड़ा। इस दौरान पुलिस ने बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की तो उसने अपना नाम नौशाद बताया।

डीएसपी ने बताया गिरफ्तार बदमाश शातिर किस्म का अपराधी है, जो करीब 22 वर्षो से उत्तराखंड से लूट, डकैती के प्रयास के मामलों में फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए उत्तराखंड पुलिस ने 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। उन्होंने बताया पकड़े गए बदमाश नौशाद (उत्तराखंड) के नैनीताल के थाना हल्द्वानी, यूपी के (हापुड़) में थाना पिलखुवा, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली और (राजस्थान) के गीडवाना के थाने में आपराधिक मुकदमें दर्ज है। एक बाइक, एक तमंचा और मोबाइल फोन बरामद हुए हुआ है।

## संभल की घटना को लेकर हापुड़ में अलर्ट

**हापुड़ करंट क्राइम।** संभल में रविवार को हुई घटना को लेकर जनपद में पुलिस व प्रशासन के अफसर अलर्ट मोड पर रहे। पुलिस ने शहर के विभिन्न इलाकों में पैदल मार्च किया। सोशल मीडिय पर पुलिस पैनी निगाह रखे हुई है। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। वहीं खुफिया विभाग के जवान भी पैनी निगाह रखे हुए हैं। संभल में हुए बवाल के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस अलर्ट हो गई। रविवार शाम को अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर, सीओ वरुण मिश्रा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरि कुमार ने पुलिस टीम के साथ शहर के सराफा बाजार, पुराना बाजार, आवास विकास कालोनी, बुलंदशहर रोड पर विभिन्न स्थानों पर भारी पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया।



## प्रेमिका को धोखा देकर शादी रचा रहा युवक गिरफ्तार



**लोनी करंट क्राइम।** प्रेमिका को धोखा देकर शादी रचाने की कौशिश कर रहे युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रेमिका ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है। लोनी थाने की एक कॉलोनी में रहने वाली युवती ने बताया कि मई 2021 से उसके प्रेम सम्बन्ध पडोस में रहने वाले नाहिद से हैं।

इसी दौरान एक दिन नाहिद ने उसे परिजनों की गैर मौजूदगी में अपने घर बुलाया और कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया। जिससे वह बेसुध हो गई और उसी हालत में नाहिद ने उसके साथ दो तीन बार दुष्कर्म किया। जबकि उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली। आरोप है कि कुछ दिन बाद नाहिद ने उसे शादी का झांसा दिया और आए दिन हवस का शिकार बनाता रहा। विरोध करने पर उसकी अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देता रहा।

युवती का आरोप है कि कुछ दिनों से वह परिजनों के साथ जयपुर में थी, इसी दौरान नाहिद ने किसी दूसरी युवती के साथ शादी तय कर ली।

रविवार को उसकी शादी होनी थी, दूसरी युवती से शादी की बात सुनकर वह शनिवार को लोनी पहुंची और नाहिद और उसके परिजनों को अपने साथ शादी के लिए मनाने का प्रयास किया, लेकिन उसे दुत्कार कर भगा दिया गया। जिस पर उसने पुलिस को शिकायती पत्र देकर नाहिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उसकी दूसरी युवती से शादी के अरमान भी टूट गए हैं।

## घर में घुसकर महिला से किया दुष्कर्म का प्रयास

## महिला ने पुलिस को दी तहरीर, मैसेज कर परेशान भी करता था






**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मोदीनगर के भोजपुर थानाक्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। आरोपी महिला को दस दिन से मोबाइल पर मैसेज करके भी परेशान कर रहा था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। एक गांव निवासी एक महिला परिवार सहित रहती है। महिला का पति हरियाणा के गुरुग्राम में नौकरी करते हैं। जिस कारण महिला घर पर अकेली रहती है। महिला का आरोप है कि गांव निवासी एक युवक 12 नवम्बर से लगातार मेरे मोबाइल पर फोन करके परेशान कर रहा है।

इतना ही नहीं वह फोन पर अश्लील बातें करता और ना करने पर जान से मारने की धमकी भी देता है। आरोपी का मोबाइल ब्लाक करने से नाराज होकर आरोपी महिला के घर दीवार फांदकर आ गए। आरोप है कि आरोपी ने महिला को जबरदस्ती घर के अंदर खीचकर ले जाने लगा।

इसी बीच महिला ने शोर मचा दिया। शोर सुन आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने इस संबंध में भोजपुर थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।

## नोएडा में आरडब्ल्यूए की पहल

### सेक्टर-34 में लगा आयुष्मान का कैंप 80 से ज्यादा बुजुर्गों ने बनवाया कार्ड

**नोएडा :** सेक्टर-34 में रविवार को एक पहल के तहत वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने का कैंप आयोजित किया गया। आरडब्ल्यूए की ओर से आयोजित कैंप में 70 वर्ष से अधिक आयु के 80 से ज्यादा बुजुर्गों ने अपने आयुष्मान कार्ड बनवाए। वरिष्ठ नागरिकों ने आरडब्ल्यूए की पहल की सराहना की और पदाधिकारियों का विशेष आभार व्यक्त किया।

### बुजुर्गों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष केके जैन ने बताया कि कैंप का आयोजन सेक्टर के कम्युनिटी सेंटर में किया गया, जहां बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महासचिव धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों में आयुष्मान कार्ड को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। कई बुजुर्गों ने अपने साथियों को भी कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।




### पांच लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज

कैंप में मौजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड से मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कार्ड के माध्यम से वरिष्ठ नागरिक पांच लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज करवा सकते हैं। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि वे भविष्य में भी ऐसे कैंप लगाते रहेंगे, जिससे सेक्टर के सभी वरिष्ठ नागरिक आयुष्मान कार्ड बनवा सकें।

# भारत की चुनाव व्यवस्था के मुरीद हुए एलन मस्क, अमेरिकी प्रणाली पर कसा तंज

**वॉशिंगटन ।** दुनिया के सबसे अमीर उद्योगपति एलन मस्क ने भारत की चुनाव व्यवस्था की तारीफ की है और साथ ही अमेरिका की चुनावी प्रक्रिया पर तंज कसा है। दरअसल सोशल मीडिया पर एक यूजर ने पोस्ट किया, जिसमें एक आर्टिकल की हेडलाइन को पोस्ट किया गया था, जिसमें लिखा था कि 'भारत ने एक दिन में 64 करोड़ वोटों की गिनती की'।

### एलन मस्क ने भारत की चुनाव व्यवस्था को सराहा

इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए एलन मस्क ने लिखा कि 'भारत में एक दिन में 64 करोड़ वोटों की गिनती हुई और कैलिफोर्निया में अभी भी वोटों की गिनती चल रही है।' एक अन्य यूजर ने भी भारत में एक दिन में



64 करोड़ वोटों की गिनती की बात कही और इस बात पर निराशा जाहिर की कि अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में अभी भी वोटों की गिनती जारी है जबकि चुनाव हुए दो हफ्ते से ज्यादा समय बीत चुका है। इस पोस्ट पर भी प्रतिक्रिया देते हुए मस्क ने 'दुखद' बताया।

उल्लेखनीय है कि जिस आर्टिकल पर एलन मस्क ने प्रतिक्रिया दी, उसमें कुछ महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव का जिक्र था। आर्टिकल में बताया गया था कि भारत में 90 करोड़ मतदाता हैं और आम चुनाव में करीब 64 करोड़ लोगों ने मतदान किया। भारत का चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव है और यह लॉजिस्टिक के लिहाज से एक चमत्कार है।

गौरतलब है कि कैलिफोर्निया में अभी भी तीन लाख से ज्यादा बैलेट पेपर की गिनती होनी है। राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को विजयी घोषित किया जा चुका है। कैलिफोर्निया में 3.9 करोड़ निवासी हैं और इनमें से 1.6 करोड़ लोगों ने मतदान किया। इनमें भी बड़ी संख्या में लोगों ने मेल के जरिए मतदान किया।

इस वजह से कैलिफोर्निया में अभी भी वोटों की गिनती जारी है। इससे पहले पिछले 2020 के चुनाव में भी कैलिफोर्निया में वोटों की गिनती में कई हफ्तों का समय लगा था।

### कैलिफोर्निया में अभी भी जारी है वोटों की गिनती

गौरतलब है कि कैलिफोर्निया में अभी भी तीन लाख से ज्यादा बैलेट पेपर की गिनती होनी है। राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को विजयी घोषित किया जा चुका है। कैलिफोर्निया में 3.9 करोड़ निवासी हैं और इनमें से 1.6 करोड़ लोगों ने मतदान किया। इनमें भी बड़ी संख्या में लोगों ने मेल के जरिए मतदान किया।

# अमेरिकी राजनीति में भूचाल की तैयारी, जॉन कैनेडी की हत्या से जुड़े गोपनीय दस्तावेज सार्वजनिक करेंगे ट्रंप

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिए हैं कि उनकी नई सरकार पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी की हत्या से जुड़े गोपनीय दस्तावेज सार्वजनिक कर सकती है। गौरतलब है कि साल 2016 में जब पहली बार ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए थे, उस दौरान भी ट्रंप ने जॉन एफ कैनेडी की हत्या से जुड़े दस्तावेजों को सार्वजनिक करने का एलान किया था, लेकिन बाद में उन्होंने अपने वादे को पूरा नहीं किया। अब ट्रंप ने एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान संकेत दिए हैं कि नई सरकार में गोपनीय दस्तावेजों को सार्वजनिक किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो इससे अमेरिकी राजनीति में भूचाल आने की आशंका है क्योंकि कैनेडी की हत्या को लेकर साजिश के कई दावे किए जाते हैं।

### ट्रंप अपनी सरकार में ले सकते हैं बड़ा फैसला

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉन



एफ कैनेडी की 1963 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कैनेडी की हत्या से जुड़े अधिकतर गोपनीय दस्तावेज सार्वजनिक हो चुके हैं, लेकिन कुछ दस्तावेज अभी भी गोपनीय रखे गए हैं।

चूंकि ट्रंप पहले भी इन दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की बात कह चुके हैं, ऐसे में उम्मीद है कि इस बार वे अपने वादे को पूरा कर सकते हैं। विशेषकर ट्रंप की सरकार में जॉन एफ कैनेडी के भतीजे रॉबर्ट एफ कैनेडी भी शामिल हैं और रॉबर्ट एफ कैनेडी भी इन गोपनीय दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की मांग को लेकर काफी मुखर रहे हैं।

बीते दिनों एक पॉडकास्ट के दौरान ट्रंप ने कहा था कि पिछले कार्यकाल के दौरान उनकी सरकार के पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पियो सहित कई लोगों ने इन गोपनीय दस्तावेजों को सार्वजनिक न करने की सलाह दी थी।

# सीओपी-29 में अमीर देशों ने की 300 बिलियन अमेरिकी डॉलर देने की पेशकश, जानें कहा फंसा पेंच

**बाकू ।** अजरबैजान में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में अमीर देशों ने जलवायु परिवर्तन निपटने के लिए विकासशील देशों की आर्थिक मदद करने का प्रस्ताव दिया है। जिसके तहत विकसित देश अब विकासशील देशों की मदद के रूप में 2035 तक सालाना 300 बिलियन अमेरिकी डॉलर देंगे।

यह प्रस्ताव उन देशों के दो समूहों के उडढ29 वार्ता में कक्ष से बाहर निकलने के कुछ घंटे बाद दिया गया, जो जलवायु परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित हैं।

बता दें कि यह पेशकश एक नए जलवायु वित्त पैकेज का हिस्सा है, जिसे देशों के समक्ष मंजूरी के लिए रखा जाएगा। यह राशि 2009 में किए गए 100 बिलियन डॉलर के वादे की जगह लेगी।

हालांकि, यह 300 बिलियन



डॉलर की पेशकश ग्लोबल साउथ के द्वारा तीन वर्षों की वार्ता में मांगी गई 1.3 ट्रिलियन डॉलर से बहुत कम है।

### मसौदा समझौते में पेश किया गया रोडमैप

मसौदा समझौते में बाकू से बेलेम रोडमैप भी पेश किया गया है, जो अफ्रीका और अन्य विकासशील देशों के लिए महत्वपूर्ण है, ताकि 2035 तक 1.3 ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वैश्विक वित्त व्यवस्था को समन्वित किया जा सके। मसौदे का बयान वहीं इस मामले में मसौदे में कहा गया है कि देश 2035 तक सार्वजनिक और निजी, द्विपक्षीय और बहुपक्षीय, सभी प्रकार के स्त्रोतों से 300 बिलियन डॉलर प्रति वर्ष जुटाएंगे। इसमें पेरिस समझौते के अनुच्छेद 9 का उल्लेख है।

# मॉन्ट्रीयाल जल रहा है और ट्रूडो नाच रहे
## सोशल मीडिया पर शुरू हुआ कनाडाई पीएम का विरोध

**ओटावा ।** कनाडा के शहर मॉन्ट्रीयाल में हिंसा के बीच कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है, इसमें वह टेलर स्विफ्ट के कॉन्सर्ट में नाचते-गाते दिखाया गया है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने उनका विरोध करना और ट्रोल करना शुरू कर दिया है।

बता दें कि ट्रूडो मॉन्ट्रीयाल में पापिनौ जिले का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कथित तौर पर शुक्रवार को अपने परिवार के साथ टोरंटो में टेलर स्विफ्ट के एराज टूर कॉन्सर्ट में भाग लिया था।

जिसका वीडियो वायरल हो गया है। एक्स पर पोस्ट किये गये वायरल वीडियो उन्हें दर्शकों के बीच नाचते





और गाते हुए दिखाता है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद यूजर्स भड़क गए हैं।

यूजर्स कर रहे ट्रोलरोमन सम्राट नीरो से तुलना करते हुए यूजर्स ने कहा कि ट्रूडो भी ऐसे ही कर रहे है। एक यूजर ने लिखा कि प्राचीन परंपरा के अनुसार, जब रोम जल रहा था, तब सम्राट नीरो मंच पर आए और कविता पढ़ी। इसी तरह यहां ट्रूडो कर्ज को दोगुना कर 1.2 ट्रिलियन डॉलर करने और कनाडा की सीमाएं खोलकर आवास संकट पैदा करने के बाद आज रात के टेलर स्विफ्ट कॉन्सर्ट में नाच रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि ट्रूडो टेलर स्विफ्ट कॉन्सर्ट में थे, जबकि मॉन्ट्रीयाल जल रहा है। वहीं, एक अन्य ने कहा कि जस्टिन ट्रूडो कल रात टेलर स्विफ्ट कॉन्सर्ट में दोस्ती का आदान-प्रदान कर रहे थे, जब हम सभी को पता चला कि मॉन्ट्रीयाल में आग लगी हुई है।

### मॉन्ट्रीयाल में हिंसक प्रदर्शन

दरअसल, 22 नवंबर को मॉन्ट्रीयाल में इस्राइल विरोधी प्रदर्शन हो रहे थे, तभी वहां हिंसा भड़क गई। खास तौर पर तब जबकि वहां के क्यूबेक महानगर में नाटो प्रतिनिधि गठबंधन की वार्षिक सभा हो रही थी।

# जॉर्डन में इस्राइली दूतावास के बाहर गोलीबारी, तीन पुलिसकर्मी घायल

**अम्मान ।** जॉर्डन में इस्राइली दूतावास के बाहर गोलीबारी की खबर सामने आई है। इस गोलीबारी में तीन पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। वहीं जवाबी कार्रवाई में हमलावर ढेर हो गया है। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी की




घटना राजधानी अम्मान के राबिया इलाके में हुई। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। गोलीबारी की घटना के बाद पुलिस ने लोगों को घरों के भीतर रहने की सलाह दी है और इस बात की जांच कर रहे हैं कि इस घटना में कोई और लोग तो शामिल नहीं हैं। जॉर्डन पुलिस ने बताया हमलावर ने पुलिस के गश्ती दल पर गोलीबारी की थी।

# डायलिसिस कराने आए मरीजों में फैलता रहा एच आई वी संक्रमण: डॉक्टरों को सुध नहीं; अस्पताल का स्टाफ निलंबित

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सीएम मरियम नवाज ने मुल्तान के निश्तार अस्पताल के मेडिकल स्टाफ को निलंबित करने का फैसला किया है। दरअसल इस अस्पताल के डायलिसिस विभाग से मरीजों में एचआईवी का संक्रमण फैला है। यही वजह है कि सीएम ने लापरवाही बरतने के आरोप में अस्पताल के नेफ्रोलॉजी विभाग के प्रमुख समेत कई स्टाफ कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है।

### जांच में कर्मचारियों की मिली गंभार लापरवाही

जांच में अस्पताल में संक्रमण नियंत्रण प्रोटोकॉल में गंभीर किस्म की लापरवाही की गई, जिसकी वजह से अस्पताल में डायलिसिस कराने वाले कर्मचारियों में एचआईवी का संक्रमण



फैला। मरियम नवाज ने अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट समेत विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। जिन कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई, उनमें मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉक्टर मुहम्मद काजिम, गुलाम अब्बास (नेफ्रोलॉजी विभाग के प्रमुख), पूनम खालिद (एसोसिएट प्रोफेसर), मोहम्मद कदीर (सीनियर रजिस्ट्रार), मलियाह जौहर, मोहम्मद आलमगीर (नेफ्रोलॉजी विभाग के मेडिकल ऑफिसर) और हेड नर्स नहीद परवीन शामिल हैं। जांच में पता चला है कि एचआईवी मामलों की पुष्टि के बाद भी अस्पताल के स्टाफ ने मामलों को दबाने की कोशिश की, जिसकी वजह से संक्रमण और फैला।

जांच में पता चला है कि डायलिसिस कर्मचारियों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली डिस्पोजेबल किट को कई मरीजों में इस्तेमाल किया जा रहा था, इसकी वजह से ही एचआईवी संक्रमण किडनी के मरीजों में फैला। दूसरी लापरवाही ये रही कि अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर और कर्मचारियों ने कई हफ्तों तक डायलिसिस विभाग का दौरा ही नहीं किया।

# इस देश में जेल प्रहरियों-शिक्षकों से भी ज्यादा है कैदियों का वेतन, काम के लिए बाहर जाने की भी इजाजत

**लंदन ।** ब्रिटेन से एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। यहां के जेलों में बंद कैदियों को उनकी सुरक्षा करने वाले अधिकारियों के साथ-साथ माध्यमिक शिक्षकों, जैव रसायनज्ञों, मनोचिकित्सकों और दाइयों से अधिक वेतन मिल रहा है। यह दावा एक मीडिया रिपोर्ट में किया गया है।

### कैदियों के पुनर्वास के लिए अहम कदम

बता दें, कुछ कम सुरक्षा वाली खुली जेलों में कैदियों को काम के लिए बाहर निकलने की अनुमति है। मगर, दिन के अंत तक ये जेल में वापस आ जाते हैं। यह कदम कैदियों के पुनर्वास और उन्हें समाज में जीवन वापस लाने के लिए तैयार करने के ठोस प्रयास का हिस्सा है। हालांकि, कैदियों और नागरिक समाज से संबंधित लोगों के बीच वेतन अंतर ने ब्रिटेन में आय असमानता के बारे में सवाल खड़े कर दिए हैं।

### किसे-कितना वेतन मिला?

ब्रिटेन में सबसे अधिक वेतन पाने वाले कैदी को पिछले साल 46,005 डॉलर यानी 38,84,491 रुपये मिले। इसका मतलब है कि उनका सकल वेतन लगभग 57,640 डॉलर (48,66,907 रुपये) था। गृह मंत्रालय के आंकड़ों से पता चला है कि नौ अन्य कैदियों की कमाई 28,694 डॉलर (24,22,814 रुपये) से ज्यादा थी, जिसका मतलब है कि औसत कामकाजी कैदी को प्रति वर्ष लगभग 25,061 डॉलर (21,16,057 रुपये) का भुगतान किया जा रहा था।

इस बीच, एक जेल गार्ड का औसत वेतन 35,085 डॉलर (29,62,446 रुपये) है, जबकि नए भर्ती किए गए लोगों को प्रति वर्ष लगभग 30,073 डॉलर (25,39,252 रुपये) का भुगतान किया जाता है।

न्याय मंत्रालय के अनुसार, पिछले साल कटौती के बाद दो अन्य कैदी थे, जिन्होंने सबसे ज्यादा



37,591 डॉलर (31,74,044 रुपये) की कमाई की और अन्य सात ने निजी बैंक खातों में 28,694 डॉलर (24,22,814 रुपये) और 37,591 डॉलर (31,74,044 रुपये) के बीच रखा। हालांकि कैदी कई तरह के काम करते हैं, लेकिन ज्यादा कमाई वाले व्यक्ति ट्रक चलाने का काम करते हैं।

जेल सेवा के प्रवक्ता ने कहा, 'कुछ अपराधियों को उनकी सजा के अंत में अस्थायी लाइसेंस पर रिहाई मिल जाती है। इससे उन्हें जेल लौटने से पहले अपना कुछ दिन समुदाय में बिताना पड़ता है, अक्सर काम करना पड़ता है। अगर वे काम कर रहे हैं, तो उनकी कमाई पर कर, अदालती जुमार्ना और 40 प्रतिशत तक का शुल्क देना होगा, जिससे पीड़ितों के लिए चैरिटी को धन मुहैया कराया जाता है।

# 'पंकज ने दहेज के चलते की हत्या, उसके परिवार को सब कुछ पता', मृतका की बहन का दावा

**नई दिल्ली ।** पूर्वी लंदन में कुछ दिन पहले एक कार की डिग्गी से भारतीय मूल की एक महिला का शव बरामद होने के बाद उसके परिजनों ने न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस 24 वर्षीय हर्षिता ब्रेला की हत्या के संदेह में उसके पति पंकज लांबा की तलाश कर रही है। वहीं, मृत महिला के परिवार ने इस मामले को दहेज से जोड़ा है।

### सोना और पैसा दिया, फिर भी...

ब्रेला की बड़ी बहन सोनिया को संदेह है कि उसकी हत्या दहेज के लिए की गई थी। जबकि शादी के दौरान परिवार ने सोना और पैसा दिया था। उनका कहना है कि शादी के दौरान परिवार ने बहुत दहेज दिया था, लेकिन पंकज तब भी खुश नहीं था। वह हमसे लगातार दहेज मांग रहा था।

नॉर्थम्पटनशायर पुलिस की जांच





से पता चला है कि हर्षिता की हत्या 10 नवंबर को की गई थी।

उसी रात, उन्हें अपने पति के साथ कॉर्बी में एक नौका विहार झील के किनारे टहलते हुए देखा गया, जहां वह रहती थीं। ब्रेला का शव कॉर्बी से पूर्वी लंदन (लगभग 145 किलोमीटर दूर) कार में लाया गया था।

महिला का शव 14 नवंबर की सुबह इलफोर्ड में कार की डिग्गी में मिला था। कार कथित तौर पर उनके पति की थी।

पिता का भी बड़ा आरोप इससे पहले, हर्षिता के पिता सबीर ब्रेला ने भी लांबा और उसके परिवार पर बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। उनका कहना है, 'पंकज मेरी बेटी को मारता था और पैसे लाने के लिए मजबूर करता था।

आए दिन होने वाले झगड़ों के चलते वह अलग रहने लगी और गोदाम में काम करने लगी थी। अलग रहने के बावजूद लांबा उसके बैंक खातों को संभालता था।

वह इस उम्मीद से पैसे देती रही कि किसी दिन सब सही हो जाएगा। उसे नहीं पता था कि अंत यह होगा।' 'हर्षिता की पिटाई की' सोनिया ने कहा, '29 अगस्त को जब पंकज ने हर्षिता की पिटाई की तो उसने उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

**हर्षिता ब्रेला के खिलाफ लांबा द्वारा 28 दिन का घरेलू हिंसा आदेश जारी किया गया था, जिसे उसकी हत्या के समय नवीनीकृत नहीं किया गया था। उनकी बड़ी बहन ने दावा किया कि हर्षिता हमें हर समय की जानकारी देती थी। यह मामला 30 अक्तूबर को बंद कर दिया गया था**

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया गुरु तेग बहादुर का बलिदान दिवस





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को हरनंदी महानगर में सिखों के नौवें गुरु गुरु तेग बहादुर सिंह का शहीदी दिवस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा लीलावती पब्लिक स्कूल, प्रताप विहार में एक गोष्ठि का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सरदार हरप्रीत सिंह जग्गी ने की, और मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक रोहित रहे। इस मौके पर सरदार जुझार सिंह, संरक्षक, सरदार हरजीत सिंह, अध्यक्ष गुरुद्वारा दशमेश दरबार, सरदार सुखविंदर सिंह महासचिव गुरुद्वारा दशमेश दरबार, सरदार प्रीतपाल सिंह, सरदार गुरप्रीत सिंह, सरदार संदीप सिंह, सरदार जोगिंदर सिंह, सरदार रामबीर सिंह, सरदार हरविंदर सिंह, अमित बग्गा, यशपाल भोली शामिल रहे। रोहित ने कहा कि किस प्रकार मुगल अत्यताओं ने गुरु तेगबहादुर व उनके 3 शिष्य (भाई मतिदास, भाई सतीदास व भाई दयाला) को बेहरमी से मारा गया केवल इस्लाम धर्म को स्वीकार नहीं करने के कारण जो स्थान आज दिल्ली में गुरु द्वारा शीशगंज के नाम से है। उन्होंने कहा कि आज भी समाज को तोड़ने वाले विद्यर्मी दोनों समाज का बटवारा करके अपनी षड्यंत्र कारी नीतियों से एक दूसरे को लड़वाने का काम कर रहे है। जब कि सिख समाज ओर सनातन समाज दोनों एक ही है एक बड़ा भाई व दूसरा छोटा भाई है हमारी पूजा पद्धति अलग है। हमे दोनों के धार्मिक स्थलों में श्रद्धा भाव से जाना चाहिए, और बताया संघ सभी को जोड़ने का काम करता है। और इसमें आने का न्योता देता है आगे उन्होंने कहा कि आज ऐसी पवित्र आत्माओं के बारे में हमें अध्यन करने और उनके बलिदान को स्मरण करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर प्रदीप, जितेंद्र, अमरदीप, शिवकुमार, सर्वेश, ललित शंकर, अशोक, राजीव, परविंदर आदि लोग मौजूद रहे।

# दिल्ली मेरठ मार्ग पर लोगों ने किया प्रदर्शन

## डीएम आवास का घेराव करने जा रहे थे, पुलिस के रोकने पर हुए थे नाराज





**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** मुरादनगर थाना क्षेत्र के गांव जलालाबाद में बिजली विभाग की कार्रवाई के बाद ग्रामीणों का गुस्सा सातवे आसमान पर पहुंच गया है। ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर ग्रामीण ने मुरादनगर स्थित बिजली सब स्टेशन का घेराव कर जमकर हंगामा कर रहे हैं। मौके पर भारी पुलिस फोर्स सीनेट कर दी गई है। ग्रामीणों की मांग है कि दर्द मुकदमे वापस किया जाए।

बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता दुर्गेश कुमार बिजली विभाग की टीम के साथ गांव जलालाबाद पहुंचे और चैकिंग अभियान शुरू कर दिया। दस हजार से रुपए के बकाया उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने शुरू कर दिए। इसका ग्रामीणों ने विरोध करना शुरू कर दिया। सैकड़ों ग्रामीणों ने बिजली विभाग की टीम का घेराव कर जमकर हंगामा किया। आरोप है कि बिजली विभगा के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ अभद्रता व धक्का मुक्की भी की गई। अधिशासी अभियंता दुर्गेश कुमार ने बताया कि 2.10 लाख रुपए की राजस्व वसूली की गई। उन्होने बताया कि 67 कनेक्शन काटे गए और 46 मीटर उतारे गए। सात लोगों के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई।

रिपोर्ट दर्ज होने के बाद रविवार सुबह-ग्रामीण ट्रैक्टर ट्राली में बैठकर जिलाधिकारी आवास का घेराव करने जा रहे थे। जब भी दिल्ली मेरठ मार्ग पर गंगनहर पुल के पास पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें रोक लिया और आगे नहीं जाने दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने बिजली सब स्टेशन पर अपना डेरा जमा दिया और घेराव कर जमकर हंगामा किया।

ग्रामीण अधिशासी अभियंता दुर्गेश कुमार के कार्यालय के सामने बैठकर धरना दे रहे हैं और उनकी मांग है कि जब तक ग्रामीणों पर दर्ज मुकदमे वापस नहीं होंगे तब तक धरना जारी रहेगा।

# पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने किया पार्क के सौंदर्यीकरण का उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली सेक्टर एक स्थित प्लॉट नंबर 301 के सामने वाले पार्क का सौंदर्यीकरण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पार्षद कुसुम मनोज गोयल द्वारा इस कार्य का शुभारंभ समाजसेवी के एल शर्मा और ईश्वरी देवी द्वारा किया गया। पार्षद द्वारा महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का आभार व्यक किया गया। इस अवसर पर भूपेंद्र न्यायाधीश, आरके पांडे, अवधेश कटियार, शिव शंकर उपाध्याय, संजय सिंह, एमपी गिरी, वीर सिंह चौहान, पी एस कोहली, मनोज वर्मा, एसके सक्सेना, उमेश रस्तोगी, मंजू, प्रीति धनकर, रेनू कटारिया, सुषमा शर्मा, रेखा प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

# हापुड़, सूटकेस में हाईवे किनारे फेंकी थी पत्नी की लाश, पति-ससुर गिरफ्तार, मां से बात करने पर रोका..पति ने मार डाला

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में एक महिला की हत्या कर शव को सूटकेस में बंद कर हापुड़ के दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे के किनारे फेंका गया था। पुलिस ने खुलासा करते हुए हुए मृतका के पति और उसके ससुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मृतका अपने पति को सास से बात करने के लिए मना करती थी। फिलहाल पुलिस आरोपी के फरार बहनोई की तलाश में जुटी है।

16 नवम्बर को मिली थी लाश

जानकारी के अनुसार 16 नवंबर को सिटी कोतवाली के नेशनल हाईवे पर निजामपुर बाइपास के किनारे सूटकेस में 32 वर्षीय महिला का शव मिला था। जिसके बाद से ही पुलिस की 3 टीम जांच में जुट गई थी। पुलिस ने रविवार को 8 दिन के अंदर हत्या का



खुलासा करते हुए बताया कि अज्ञात महिला के शव की शिनाख्त राखी पत्नी नागेंद्र उर्फ अंशुल निवासी गांव सिंह रावत थाना महोली जिला सीतापुर व हाल पता गुड़गांव के रूप में हुई थी। जिसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई।

उसके बाद अंशुल ने अपने पिता रमेश और जीजा धीरज को सूचना दी। फिर तीनों ने मिलकर गुड़गांव से टैक्सी बुक की। उसके बाद अपने घर से 100 किलोमीटर दूर यूपी के हापुड़ के नेशनल हाईवे-9 के किनारे सूटकेस के अंदर बंद शव को को फेंक कर वहां से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक राखी के पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार और बाइक बरामद की। रढ ने बताया कि आरोपी के फरार जीजा की तलाश की जा रही है।

इसके बाद 14 नवंबर को 2024 अंशुल ने अपनी पत्नी राखी की गला घोटकर हत्या कर दी और शव को मार्केट से खरीदकर लाए गए एक नए सूटकेश के अंदर पैक कर दी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच-पड़ताल में जुटी है।

### गला दबाया फिर उतारा मौत के घाट

एसपी केजी सिंह ने बताया कि मृतक राखी की हत्या उसके पति नागेंद्र उर्फ अंशुल ने पहले मुंह दबाया। उसके बाद गला दबाकर हत्या कर दी थी। जिसके बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए अंशुल ने मार्केट से लाल रंग का नया सूटकेस खरीदा। उसके बाद शव को सूटकेश के अंदर पैक कर दिया, जिससे किसी को शक ना हो।

### 4 साल पहले हुई थी लव मैरिज

आरोपी अंशुल की 2020 में मृतक राखी से लव मैरिज हुई थी। अंशुल का अपनी पत्नी के साथ अपने घर वालों से बात करने को लेकर झगड़ा हुआ था। मृतक राखी अंशुल के परिजनों से बात करने को मना करती थी। लेकिन अंशुल अपने घर वालों की मदद करता था जिसको लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ।

# पार्षद राजीव भाटी ने सड़क निर्माण कार्य का किया उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 73 के पार्षद राजीव भाटी ने गणेश पूरी पीपल वाली गली में सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। पार्षद राजीव भाटी ने बताया कि ये गली व नाले का कार्य आरसीसी का बनाया जाएगा। पार्षद ने इस कार्य के लिये महापौर सुनीता दयाल का आभर व्यक्त करते हुए कहा कि वार्ड में विकास के कार्य हो रहा है। उद्घाटन अवसर पर लोगों ने पार्षद का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि जब से राजीव भाटी हमारे क्षेत्र के पार्षद बने है निरन्तर विकास के काम हो रहे है। इस अवसर पर युग गुर्जर पार्षद प्रतिनिधि, राधे श्याम, प्रेमराज पाल, मनफूल, हिमांशु खतनानी, राम बाबू, सुनील भाटी आदि लोग मौजूद रहे।

# हादसे में कृपालु महाराज की बेटी की मौत

## 2 बेटियों की हालत गंभीर, 2 कारों को कैंटर ने मारी टक्कर

**नोएडा।** नोएडा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर कैंटर ने आगे चल रही दो कारों टक्कर मार दी। हादसे में जगद्गुरु कृपालु जी महाराज की बड़ी बेटी डॉ. विशाखा त्रिपाठी की मौत हो गई। दो बेटियों डॉ. कृष्णा त्रिपाठी और डॉ. श्यामा त्रिपाठी के अलावा 5 अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को पहले ग्रेटर नोएडा के कैलाश हॉस्पिटल ले जाया गया। यहां से दिल्ली के अपोलो हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। ये टोयोटा कैमरी कार से दिल्ली जा रही थीं। 75 साल की डॉ. विशाखा त्रिपाठी वृंदावन के प्रेम मंदिर और प्रतापगढ़ के मनगढ़ भक्ति धाम की अध्यक्ष थीं। जगद्गुरु कृपालु परिषत की ओर से शोक संदेश जारी किया गया है। जिसमें लिखा- दुख के साथ घोषणा कर रहे हैं कि एक हादसे में हमारे जगद्गुरु कृपालु परिषत (भक्ति धाम) की अध्यक्ष डॉ. विशाखा त्रिपाठी का निधन हो गया है। इनका अंतिम संस्कार वृंदावन में किया जाएगा।

### यमुना एक्सप्रेस-वे पर दनकौर में हादसा हुआ

तीनों बहन मथुरा से दिल्ली जा रही थीं। दिल्ली एयरपोर्ट से सिंगापुर की फ्लाइट पकड़नी थी। दनकौर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर सुबह करीब 5 बजे एक तेज रफ्तार कैंटर वाहन ने आगे चल रही दो कारों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों वाहनों में सवार 6 महिलाएं और 2 ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए। हॉस्पिटल में घायल डॉ. विशाखा त्रिपाठी ने की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### कृपालु जी महाराज के निधन के बाद विशाखा ने पूरी जिम्मेदारी संभाली

जगद्गुरु कृपालु महाराज की सबसे बड़ी बेटी डॉ. विशाखा त्रिपाठी जगद्गुरु कृपालु परिषत की सभी गतिविधियों का मुख्य रूप से संचालन करती थीं। कृपालु महाराज ने



प्रतापगढ़ के कुंडा में मनगढ़ मंदिर बनाया, लेकिन उन्होंने अपने जीवन का ज्यादा समय वृंदावन में ही बिताया। जगद्गुरु कृपालु महाराज के निधन के बाद जिम्मेदारी सबसे बड़ी बेटी विशाखा के साथ कृष्णा और श्यामा को दी गई। वृंदावन में प्रेम मंदिर आज श्रद्धालुओं का सबसे पसंदीदा मंदिर है। इसके अलावा बरसाना में बनाया गया कीर्ति मंदिर भी तीनों बेटियां ही संभालती थीं।

### वृंदावन में यमुना किनारे होगा अंतिम संस्कार

डॉ. विशाखा का पार्थिव शरीर रविवार देर शाम तक वृंदावन पहुंचेगा। इसके बाद अंतिम दर्शनों के लिए प्रेम मंदिर परिसर में पार्थिव शरीर रखा जाएगा। सोमवार सुबह यमुना तट पर उनका अंतिम संस्कार होगा।

### टक्कर मारकर कैंटर चालक गाड़ी छोड़कर फरार

कैंटर में एक कंपनी का कॉर्टन लदा था। हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दोनों कार में सवार हंसा, कश्मीरा, जानूका, संजय, दीपक, श्यामा और कृष्णा घायल हैं। जेवर कोतवाल प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि हादसे के बाद कैंटर चालक मौके से गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है। नोएडा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसा में जगद्गुरु कृपालु महाराज की बड़ी बेटी डॉ. विशाखा त्रिपाठी की मौत हो गई। दो बेटियां डॉ. कृष्णा त्रिपाठी और डॉ. श्यामा त्रिपाठी के अलावा 5 लोग घायल हो गए।

डॉ. विशाखा त्रिपाठी कृपालु महाराज की तीन बेटियों में सबसे बड़ी थीं। कृपालु महाराज के गोलोक गमन के बाद वह प्रतापगढ़ के मनगढ़ मंदिर काम कामकाज संभाल रही थीं। इसके अलावा बेटियों की शिक्षा और लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं को देखती थीं। वह जगद्गुरु कृपालु परिषद की चेयरमैन भी थीं।

# पुलिस मुठभेड़ में शातिर बदमाश गिरफ्तार

## उत्तराखंड से 22 साल से फरार था 10 हजार का इनामी

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** थाना सिंभावली पुलिस और उत्तराखंड की हल्द्वानी पुलिस की टीम की चेकिंग के दौरान एक शातिर बदमाश से मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में पुलिस की गोली से घायल बदमाश की पहचान नौशाद के रूप में हुई है, जो पिछले 22 सालों से उत्तराखंड में कई अपराधिक मामलों में फरार था।

### पुलिस की कार्रवाई

सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नवादा नहर पुल के पास चेकिंग अभियान चलाया था। इस दौरान एक बाइक पर संदिग्ध व्यक्ति आते हुए नजर आया। जब पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, तो आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर गिर पड़ा।

### आरोपी का इतिहास

गिरफ्तार आरोपी नौशाद के

### दो राज्यों की पुलिस कर रही थी तलाश



खिलाफ उत्तराखंड के नैनीताल जिले में लूट और डकैती के प्रयास के मामले दर्ज हैं। वह पिछले 22 सालों से फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी पर उत्तराखंड पुलिस ने 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। नौशाद के खिलाफ उत्तराखंड, यूपी (हापुड़, पिलखुवा, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली) और राजस्थान (गीदवाना) में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### बरामदगी और पूछताछ

पुलिस ने मुठभेड़ के बाद बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया और उससे पूछताछ की। उसके पास से एक बाइक, एक तमंचा और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। पुलिस अब इस मामले की और जांच कर रही है और आरोपी के अन्य मामलों में शामिल होने की संभावनाओं की जांच कर रही है।

# यति नरसिंहानंद गिरि को पुलिस ने निगरानी में लिया, डासना मंदिर के बाहर फोर्स तैनात

## संभल बवाल व तौकरी रजा के दिल्ली घेराव के चलते पुलिस का एक्शन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संभल में शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान सुबह हुए बवाल के बाद गाजियाबाद में भी पुलिस अलर्ट पर है। गाजियाबाद पुलिस ने शिव शक्ति धाम डासना के महंत यति नरसिंहानंद गिरि को अपनी निगरानी में ले लिया है। उन्हें कहां रखा गया है, यह पुलिस ने नहीं बताया। पुलिस ने उनसे कहा कि दोपहर तक आप हमारी निगरानी में रहेंगे। वहीं डासना मंदिर के आसपास सुरक्षा व पीएसी बढ़ाई गई है। उनके शिष्यों पर भी नजर रखी जा रही है। मंदिर के आसपास बैरियर लगाकर पुलिस अलर्ट है।

### संभल की मस्जिद पर दिया था बयान



शिव शक्तिधाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि ने 4 दिन पहले बड़ा बयान जारी किया। 2.45 मिनट के वीडियो में उन्होंने कहा- यदि अरब की मस्जिदों का सर्वे हो जाए। तो इस्लाम का काला सच सामने आ जाएगा। उनके नीचे से भी मंदिर-मठ ही मिलेंगे। उन्होंने जमीयत-ए-उलेमा हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी पर भी निशाना साधा। आगे अपने बयान में कहा था कि संभल में हरिनाथ मंदिर का विवाद, जिसको तोड़कर जिहादियों ने मस्जिद बना दी थी। आज यह विवाद उभरकर सामने आ गया है। कोर्ट ने पूरे परिसर का सर्वे करने का आदेश जारी किया है। 29 नवंबर, 2024 तक इसकी रिपोर्ट मांगी है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में सर्वे हुआ भी है।

### मौलाना तौकीर के सामने होगी हनुमान चालीसा

बरेली में आईएमसी मुखिया मौलाना तौकीर रजा ने बयान दिया था कि हुकूमत के खिलाफ 24 नवंबर को दिल्ली रामलीला मैदान में आंदोलन होगा। तौकीर के ऐलान के बाद महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि ने कहा था कि यदि तौकीर की सभा हुई तो हम उसी के सामने हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। कोई रोक नहीं सकता। हालांकि पुलिस ने दिल्ली में तौकीर को कार्यक्रम की परमिशन नहीं दी। उनके समर्थकों को हिरासत में लिया गया। इसे देखते हुए गाजियाबाद पुलिस ने महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि को निगरानी में रखा गया है।

# चलती कार में लगी आग, कार सवारों ने कूदकर बचाई जान

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ -मेरठ रोड फ्लाईओवर पर एक चलती कार अचानक धू-धू करके जलने लगी। किसी तरह से कार में सवार लोगों ने आग की लपटों से निकल कर अपनी जान बचाई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया। फिलहाल कार के बारे में जांच-पड़ताल की जा रही है। दरअसल रविवार की दोपहर एक कार मेरठ से हापुड़ की ओर आ रही थी। जैसे ही कार मेरठ रोड फ्लाईओवर पर पहुंची। तो कार में अचानक धुंआ निकलने लगा। धुंआ निकलते देख लोगों ने कार से कूदकर जान बचाई। तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

### मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड

जिससे सड़क से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों में अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके



पहुंची। साथ ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंची। तब पुलिस ने आग पर काबू पाया। फिलहाल कार स्वामी की जांच-पड़ताल की जा रही है। उधर आग लगने से सड़क पर जाम लग गया। यातायात पुलिस कर्मी जाम खुलवाने में जुटे रहे। एफएसओ नरेश कुमार ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच पड़ताल की जा रही है। फिलहाल अभी सुराग नहीं लगा है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व पार्षद हिमांशु लव का ये अपने स्वर्गीय पिता कृष्णमित्र के प्रति आदर भाव है और ये एक पूरे परिवार की अपनी परम्परा को, अपनी धरोहर को विन्रम श्रद्धांजलि है। पूरे लव परिवार ने स्वर्गीय कृष्णमित्र पुण्यतिथि पर हवन पूजन किया और संदेश दिया कि परम्परा को ऐसे सम्मान दिया जाता है।